




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14 अंक - 263 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 6 जुलाई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर

### पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व जीएम और उनके दामाद के घर एसीबी का छापा

**जगदलपुर/कांकेर ।** छत्तीसगढ़ के कांकेर और जगदलपुर में एसीबी की टीम ने गुरुवार सुबह एक साथ छापा मारा है। ये कार्रवाई छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व जीएम अशोक चतुर्वेदी और उनके बीईओ दामाद राजेश उपाध्याय के आवास पर चल रही है। ससुर-दामाद दोनों पर आय से अधिक संपत्ति का आरोप है। इस मामले में आरोपी अशोक चतुर्वेदी लंबे समय से फरार चल रहे थे। एसीबी की टीम ने उन्हें आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले से गिरफ्तार किया था। एसीबी के इंचार्ज एसपी यूलैनडन यॉर्क ने यह जानकारी दी है। एसीबी की टीम सुबह करीब 5 बजे जगदलपुर के धरमपुर स्थित राजेश उपाध्याय के घर पहुंची। राजेश उपाध्याय दरभा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हैं। टीम के साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स भी है। अफसर उनके घर में दस्तावेज खंगाल रहे हैं। राजेश उपाध्याय पंडरीपानी स्कूल में व्याख्याता हैं, लेकिन उन्हें बीईओ का प्रभार दिया गया है। इसके पहले वे तोकापाल में बीआरसी के पद पर कार्य कर चुके हैं। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति मामले में की जा रही है। वहीं एक दूसरी टीम दुर्गकोंदल में अशोक चतुर्वेदी के आवास पर पहुंची हैं। वहां भी दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। रिटायरमेंट के बाद अशोक चतुर्वेदी पंचायत विभाग में प्रतिनियुक्ति पर थे। उनके खिलाफ चार मामले दर्ज हैं। इसमें पाठ्य पुस्तक निगम में ग्रीन बोर्ड के टेंडर के नाम पर अपने बेटे को फायदा पहुंचाने, फर्जी दस्तावेज़ों के आधार पर टेंडर पास करवाने और कमेटी को गुमराह करके ठेकेदार को फायदा पहुंचाने का आरोप है। इसके अलावा अनुपातहीन संपत्ति का भी आरोप है।

### भूपेश कैबिनेट का बड़ा फैसला, कर्मचारियों का बढ़ेगा 5 फीसदी डीए


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने शासकीय कर्मचारियों के हित में बड़ा निर्णय लिया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कैबिनेट की बैठक में सरकारी कर्मचारियों के डीए में 5 फीसदी की बढ़ोत्तरी का निर्णय लिया गया है। सरकार के इस निर्णय से सरकार पर प्रतिवर्ष एक हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर इसकी जानकारी साझा की है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि आप सबके साथ साझा करना चाहूँगा कि आज हमने कैबिनेट की बैठक में राज्य के शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डी.ए) में 5% की वृद्धि करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है. इससे राज्य सरकार को प्रति वर्ष एक हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा।

# भाजपा को नहीं मिल रहा वोरा का विकल्प

## विधायक वोरा की स्वच्छ व निर्विवाद छवि बनी भाजपा की चिंता

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**दुर्ग।** अपनी निर्विवाद छवि, जनता से प्रत्यक्ष जुड़ाव और जुझारूपन के लिए पहचाने जाने वाले दुर्ग विधायक अरूण वोरा, स्थानीय भाजपा के लिए परेशानी और चिंता का सबब बने हुए हैं। दरअसल, भाजपा को वोरा का विकल्प नहीं मिल पा रहा है। वरिष्ठ नेता हेमचंद यादव के निधन पश्चात भाजपा ने कई दाँव चले, लेकिन वह विकल्पहीनता की स्थिति से बाहर नहीं निकल पाई। वोरा की सहज और सरल प्रवृत्ति भी भाजपा को कहीं टिकने नहीं देती। विधानसभा चुनाव करीब आ रहे है। इन परिस्थितियों में भाजपा सिर्फ बैठकों और कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश देने तक सीमित हो गई है। जबकि विधायक वोरा अपने चिर-परिचित अंदाज में जनता की सेवा में तत्पर हैं।



कहने को तो भाजपा में टिकट के दावेदारों की संख्या किसी भी अन्य क्षेत्र से कम नहीं है, लेकिन उसके पास वोरा के कद का एक भी चेहरा नहीं है। 1993 से लेकर अब तक वोरा कुल 6 विधानसभा के चुनाव लड़ चुके हैं। इनमें से 3 बार उन्हें जीत मिली तो इतनी ही बार पराजय का भी सामना करना पड़ा। जब जीत मिली तो वोरा ने इसे मतदाताओं की जीत बताया और जब पराजय मिली तो उसे भी सहृदयता से स्वीकार किया। चुनावी जीत-हार से अलग वोरा का मतदाताओं से जीवंत और प्रत्यक्ष सम्पर्क लगातार जारी रहा। जब वे जीत हासिल नहीं कर पाए, तब भी पूरे मनोयोग व जिम्मेदारी के साथ लोगों के दुख-सुख में सहभागी रहे। आज भी पूरे विधानसभा क्षेत्र में यदि उनका डंका बजता है तो उसकी सबसे बड़ी वजह यही है कि वे आम लोगों के साथ विधायक की तरह नहीं अपितु उनके पारिवारिक सदस्य की तरह मिलते और व्यवहार करते हैं।

1993 में युवा जोश के साथ चुनाव मैदान में उतरने वाले अरूण वोरा अब एक परिपक्व और सुलझे हुए राजनेता के रूप में स्थापित हो चुके हैं। लेकिन उनके व्यक्तित्व में सरलता और सहजता का भाव अब भी 1993 वाला ही है। दिनचर्या भी वैसी ही है। सुबह घर पर जनता की समस्याएं सुनना, उनका निवारण करना, आवश्यकतानुसार अफसरों से संवाद करना और उसके बाद शहर में जीवंत सम्पर्क...। इस दौरान यदि कोई दु:खी-पीड़ित मिल गया तो उसकी समस्या का निवारण कराना। यह क्रम रात तक चलता है। कई लोगों को आश्चर्य होता है कि विधायक वोरा छोटे-छोटे विकास के काम भी स्वयं खड़े होकर करवाते हैं। विपक्ष के लोग इसे राजनीति से जोड़कर देखते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि यही विधायक वोरा का सबसे महत्वपूर्ण, सकारात्मक और मजबूत पक्ष है।

### वक्त के साथ बदली शहर की सूरत

यूं तो विकास एक सतत् प्रक्रिया है, किन्तु दुर्ग शहर में यह प्रक्रिया वक्त के साथ बदलती रही है। वोरा जब विपक्ष के विधायक थे, तब वे अपने स्तर पर भरपूर प्रयास करते थे कि शहर को विकास की अधिकाधिक सौगातें प्रदान करें। इसमें यदा-कदा प्रशासनिक रूकावटें भी आतीं और विधायक के रूप में वोरा को इससे दो-चार भी होना पड़ता। लेकिन वे किसी न किसी तरीके से शहर-हित में काम करवा ही लेते थे। वक्त ने करवट ली और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई तो जैसे दुर्ग शहर का भाग्य ही खुल गया। वोरा जैसे समर्पित और जुझारू विधायक के चलते पिछले करीब साढ़े चार वर्षों में शहर का नक्शा पूरी तरह बदल गया है। कोरोना काल में विधायक वोरा की अगुवाई में नगर निगम और कांग्रेस पार्टी ने जिस समर्पण के साथ काम किया, वह लोगों के जेहन में आज भी ताज़ा है। आवश्यकतानुसार मूलभूत कार्यों को पहली प्राथमिकता देने के बाद अब विधायक वोरा की पहल पर सौंदर्यीकरण के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। ठगड़ा बांध, चौंक-चौराहों का सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था की चकाचौंध जैसे दर्जनों काम मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

### कहते नहीं, करके दिखाते हैं

विधायक वोरा की एक खासियत यह भी है कि वे अन्य नेताओं की तरह कहकर टाल देने की बजाए करके दिखाने पर ज्यादा भरोसा करते हैं। उम्मीदों की आस लिए उनके घर पहुंचने वाली समस्याग्रस्त लोगों की भीड़ इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। वोरा सबको सुनते हैं। यदि किसी का कोई काम अटक रहा है या दिक्कतें आ रही है तो वे तत्काल अफसरों से चर्चा कर उसका समाधान करवाते हैं। लोग गदगद हैं कि शहर में एक ऐसा जनप्रतिनिधि भी है, जो उनकी सुनता भी है और समाधान भी करवाता है। विधायक वोरा स्वयं भी कहते हैं,- उनका जीवन जनता को समर्पित है। जिन अपेक्षाओं के साथ मतदाताओं ने उन्हें जीत रूपी आशीर्वाद दिया, उस पर खरा उतरना पहली प्राथमिकता है। वोरा के मुताबिक, - शहर का विकास तो उनसे पहले भी होता रहा और उनके बाद भी होगा, अहम् यह है कि इस दौरान जनता का कितना भला होता है। लोगों के चेहरे पर खुशियां दिखना ज्यादा जरूरी है। बाकी चीजें बेमानी है।

## पेशाब कांड पीड़ित को सुदामा कहकर सीएम ने धोए पैर, बोले- तुम मेरे दोस्त हो

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में आदिवासी दशमत रावत पर एक भाजपा कार्यकर्ता के बेशर्मी से पेशाब करने की घटना के बाद से सियासत गरमाई हुई है। गुरुवार को पीड़ित दशमत रावत भोपाल मुख्यमंत्री निवास पहुंचे। यहां सीएम शिवराज ने दशमत के पैर धोकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। सीएम शिवराज ने कहा कि मन दुखी है। मेरे लिए जनता ही भगवान है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पीड़ित से बात की। सीएम ने पूछा कि बच्चे पढ़ रहे हैं? छात्रवृत्ति मिलती है? कोई परेशानी हो तो मुझे बताना है। बेटी लाडली लक्ष्मी है। पत्नी को लाडली बहना का लाभ मिल रहा है? आवास योजना का लाभ मिल रहा है? सीएम ने कहा कि बेटी को पढ़ाना है। बेटियां आगे बढ़ रही हैं।



दशमत ने सीएम को बताया कि वह पल्लेदारी का काम करता है। मुख्यमंत्री ने पीड़ित से कहा कि मुझे बहुत दुख हुआ। मैं माफी चाहता हूं। मेरे लिए जनता ही भगवान समान है। सीएम ने दशमत को सुदामा कहते हुए कहा कि तुम अब मेरे दोस्ते हो।

### ये है मामला

बता दें सीधी में भाजपा नेता प्रवेश शुक्ला का दशमत रावत के ऊपर पेशाब करते वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद प्रदेश का सियासी पारा चढ़ गया है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही मामले में जांच के लिए जांच कमेटियां बनाई हैं। सीधी विधायक पंडित केदारनाथ शुक्ला के पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला को आदिवासी युवक पर पेशाब करने के मामले में मंगलवार रात करीब दो बजे गिरफ्तार कर लिया गया था। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को पेशाब कांड पर कहा कि कृत्य बहुत घृणित और निंदनीय बताया था। कानून अपना काम कर रहा है। ये भाजपा की सरकार है यहां कानून का राज है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद तत्काल मुख्यमंत्री के कहने पर एनएसए की कार्रवाई और कानूनी कार्रवाई कर दी गई थी। आरोपी को रात में गिरफ्तार कर लिया गया था। उसे रीवा जेल में रखा जाएगा। प्रशासन ने उसका घर भी तोड़ दिया है।

## दिल्ली सरकार को राहत, केंद्रीय अध्यादेश के खिलाफ सुनवाई को तैयार हुआ सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में प्रशासकों पर नियंत्रण के लिए लाए गए केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ दिल्ली सरकार की लड़ाई सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। बता दें कि दिल्ली सरकार की याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। सुप्रीम कोर्ट 10 जुलाई को केंद्रीय अध्यादेश के खिलाफ दिल्ली सरकार की याचिका पर सुनवाई करेगा। बता दें कि दिल्ली सरकार ने अध्यादेश आने के तुरंत बाद ही कह दिया था कि वह इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

***क्या है केंद्र का अध्यादेश***

केंद्र सरकार के अध्यादेश के तहत दिल्ली में अधिकारियों के ट्रांसफर और तैनाती से जुड़ा आखिरी फैसला लेने का हक उपराज्यपाल को दिया गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (संशोधन) अध्यादेश, 2023 के तहत दिल्ली में सेवा देने वाले दानिक्स कैडर के ग्रुप ए के अधिकारियों के तबादले और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्राधिकरण गठित होगा।

## लाखों रुपए के साथ नक्सल सहयोगी गिरफ्तार, दो हजार के नोटों के 12 लाख सहित 27 लाख रुपए जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले की पुलिस ने दो नक्सल सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास पुलिस से लाखों रुपए नगदी बरामद की है। बरामद नगदी में दो हजार रुपए के नोटों के 12 लाख रुपए भी मिले। पुलिस ने 27 लाख रुपए से ज्यादा की रकम बरामद की है।



दरअसल गढ़चिरौली पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि दो युवक भारी मात्रा में नगदी लेकर निकले है। सूचना के बाद पुलिस की स्पेशल टीम ने अहेरी के पास नाकाबंदी कर आने जाने वालों की जांच कर रही थी। इस दौरान बाइक से पहुंचे दो युवक रोहित मंगू और विप्लव सिकदार को पुलिस ने रोका और उनके बैग की तलाशी ली। बैग में 27 लाख से ज्यादा की रकम पुलिस को मिली। इस राशि में 12 लाख रुपए दो हजार रुपए के नोटों के थे।

नोट के संबंध में पुलिस ने जब युवकों से पूछताछ की तो वे कोई जवाब नहीं दे सके। दोनों युवकों को गिरफ्तार कर पूरी रकम जब्त कर ली गई है। गढ़चिरौली पुलिस ने बताया कि बरामद रकम नक्सलियों की है। कुल बरामद रकम 27 लाख 62 हजार है और इनमें से 12 लाख रुपए के नोट दो हजार के हैं। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए युवक नक्सल सहयोगी हैं और दो हजार रुपए के नोट बदलने जा रहे थे।

## महाराष्ट्र की सियासत में भूचाल: राकांपा के दो गुटों के बीच पोस्टर वॉर शुरू, कटप्पा-बाहुबली तक का जिक्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को लेकर सियासी जंग जारी है। एनसीपी के नेता अजित पवार के बगावती तेवरों से महाराष्ट्र की सियासत में भूचाल आ गया है। चाचा बनाम भतीजे की लड़ाई के बीच पोस्टर वॉर शुरू हो गया है। दिल्ली में जगह-जगह पुराने पोस्टर बदलकर नए लगाए जा रहे हैं। कहीं गद्दार तो कहीं सच की लड़ाई वाले बैनर लग रहे हैं।

गौरतलब है, अजीत पवार अपने चाचा शरद पवार से बगावत कर अलग हो गए हैं। वहीं, पार्टी के नाम और चिह्न को लेकर दोनों नेताओं में बहस जारी है। इन्हीं सब अटकलों को लेकर आज एनसीपी प्रमुख शरद पवार पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के लिए दिल्ली जा रहे हैं।




उनके पहुंचने से पहले ही राजधानी की राजनीतिक गलियारों में हलचल शुरू हो गई है। दिल्ली में पार्टी कार्यालय के बाहर से एनसीपी के पुराने पोस्टर और होर्डिंग हटाए जा रहे हैं, जिन पर अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल नजर आ रहे थे। वहां नए पोस्टर लगाए जा रहे हैं, जिस पर 'गद्दार' लिखा हुआ है। इतना ही नहीं, दिल्ली में शरद पवार के आवास के बाहर भी नए पोस्टर लगाए गए हैं। इसमें लिखा है 'सच्चाई और झूठ की लड़ाई में पूरा देश शरद पवार के साथ है। भारत का इतिहास ऐसा है कि इसने विश्वासघात करने वालों को कभी माफ नहीं किया है।'

महाराष्ट्र में शरद पवार बनाम अजित पवार संकट के बीच, राष्ट्रवादी विद्यार्थी कांग्रेस ने भी फिल्म 'बाहुबली' के एक दृश्य पर तैयार किया गया पोस्टर लगाया है। इसमें 'कटप्पा' को 'अमरेंद्र बाहुबली' की पीठ में छुरा घोंपते हुए दिखाया गया है।

## चुनावी पैंतरा - हड़ताल की मेहंदी रस्म

श्रीकंचनपथ




सरकार की यह सबसे बड़ी गलती है कि वह प्रत्येक व्यवस्था का निजीकरण नहीं कर रही है। जब एमटेक, पीजी, पीएचडी की डिग्री लेकर 25 हजार की नौकरी मिलेगी, तब जाकर लोगों की अक्ल ठिकाने आएगी। इसके बाद भी नौकरी दिहाड़ी मजदूरों जैसी होगी। बायोमेट्रिक्स से हाजिरी लगेगी और देर से आने वालों की आधे या पूरे दिन की तनख्वाह कट जाएगी। 20 साल की नौकरी के बाद भी यदि कंपनी को नाराज किया तो खड़े पैर नौकरी से निकाल दिये जाएंगे। सरकार ने लोगों को नौकरी क्या दे दी, अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली। अपने मुलाजिमों का वेतन भत्ता जुगाड़ते-कबाड़ते ही उसकी कमर टूट जाती है। ऊपर से इनसे काम लेना भी मुश्किल। जरा-जरा सी बात पर काम रोको, कलम छोड़ो जैसे आंदोलन। जनता और काम जाए भाड़ में, उन्हें तो केवल अपनी पड़ी है। अजीब नौकर हैं, एक बार रख लिया तो निकालना भी मुश्किल। इधर, काम करने की इच्छा लिए लाखों लोग कतार में खड़े हैं पर सरकार मुलाजिम नहीं बदल सकती। कैसी विडम्बना है कि जब भी तरक्की की बात होती है तो लोगों को कांग्रेस से शिकायत होती है। वो चीन, जापान, फ्रांस जैसे देशों का हवाला देने लगते हैं। कहते हैं कि देखो! उन देशों ने कितनी तरक्की कर ली और हमारा भारत पीछे रह गया। क्या ऐसे लोगों ने कभी वहां की जनता की कार्यसंस्कृति पर गौर किया है? लाख नाराजगी हो, वो अपना काम नहीं छोड़ते। पर अपने यहां तो आंदोलन का मतलब ही काम से छुट्टी और मुफ्त की रोटी है। वो जानते हैं कि कामकाज रुकेगा तो जनता भड़केगी। जनता भड़केगी तो सरकार परेशान होगी और नरम पड़ जाएगी। संविदा नियुक्ति इसी मुसीबत की ईजाद है। कर्मचारी राजनीति से परेशान होकर ही सरकारों को यह फैसला करना पड़ा। देखा गया है कि चुनाव करीब आते ही मांग करने वाले संगठनों की बाढ़ आ जाती है। 'डिमांड-पालीटिक्स' करने वाले नेताओं की एक पूरी अलग जमात होती है। ऊपर से ऐसा लगता कि वह सरकार की बांह मरोड़ रही है, पर हकीकत में ऐसा कुछ है नहीं। उनकी अपनी दुकानदारी इसी तरह के आंदोलनों से चलती है। अब कोई कर्मचारी नेता गरीब नहीं होता। ये आंदोलन के नए-नए हथकंडे अपनाते हैं। बिलासपुर में संविदा कर्मचारी हड़ताल पर हैं। अब स्वास्थ्य अमले के संविदा कर्मचारी भी इससे जुड़ गए हैं। इसमें महिला कर्मचारी भी बड़ी संख्या में शामिल हैं। फिलहाल यहां मेहंदी रस्म चल रही है। मेहंदी में नियमितीकरण के चित्र उकेरे गए। जैसा कि अपेक्षित था, मीडिया में भी कवरेज मिल गया। सरकार केन्द्र की हो या राज्य की, इस तरह की हरकतों को यदि बर्दाश्त करती है जो अंतिम नुकसान जनता का ही होता है। इसी उपद्रव और अनुशासनहीनता के कारण सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों का प्रदर्शन चूक रहा है और वे हाशिए पर जा रहे हैं फिर चाहे वह इस्पात कारखाना हो या सरकारी अस्पताल।




## संपादकीय

# ऐसी अमानवीयता!

अपने देश में कभी-कभी समानता, मानवीयता की तमाम कोशिशों को धता बताने वाली ऐसी घटनाएं सामने आ जाती हैं कि सभ्य समाज का सिर शर्म से झुक जाता है। ऐसी ही एक बहुत दुखद घटना मध्य प्रदेश के सीधी जिले में घटित हुई है। निंदा के शब्द कम पड़ जाते हैं, जब एक इंसान को दूसरे इंसान पर मूत्र त्याग करते देखा जाता है। यह तो और भी त्रासद है कि पीड़ित व्यक्ति जनजाति विशेष का है व उत्पीड़क सवर्ण जाति का। इतना ही नहीं, आरोपी एक राजनीतिक पार्टी से जुड़ा बताया जा रहा है। जाहिर है, विवाद बहुत संगीन बन गया है और आने वालो दिनों में इसकी गूंज कम से कम मध्य प्रदेश और उसके पड़ोसी राज्यों की राजनीति में बनी रह सकती है। यह अमानवीय घटना 26 जून की है और चूंकि इसका वीडियो भी मौजूद है, इसलिए समाज की इस स्याह सच्चाई से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। जहां तत्काल प्रभाव से पीड़ित को न्याय देना, उसकी आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है, वहीं आरोपी के खिलाफ किसी भी तरह की उदारता की कोई गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। हाल के महीनों में ऐसी गलत हरकत के और भी मामले हुए हैं, पर यह मामला विशेष रूप से जघन्य है। इसके पहले हवाई जहाज या रेल में जो अक्षम्य घटनाएं हुई थीं, उनमें पीड़ित और उत्पीड़क में एक तरह से सामाजिक बराबरी थी, पर ताजा अपराध में सामाजिक असमानता एक बड़ा पहलू है, जिसे नजरंदाज नहीं किया जा सकता। असमानता को दूर करने की तमाम कोशिशें और सद्भावनाएं ऐसी घटनाओं पर पहुंचकर नाकाफी साबित हो जाती हैं। हमारे बीच ऐसे कौन और कितने लोग हैं, जो समाज में असमानता की शैतानी प्रवृत्ति को जारी रखना चाहते हैं? इसके साथ ही एक पहलू यह भी है कि ऐसे कितने लोग समाज में बचे हैं, जो आज भी ऐसे पीड़ित होने के लिए खुद को मजबूर पा रहे हैं? उनकी आवाज कहां है, कौन है? कानून-व्यवस्था से जुड़े संस्थान, सामाजिक संगठन और दलितों-वंचितों की नई ताकत के यशगान में कभी न थकने वाले राजनीतिक दल कहां हैं? जनजातियों में जो लोग खुद को समानता के लिए प्रस्तुत नहीं कर पा रहे हैं, उनके लिए क्या किया जा रहा है? ऐसी घटनाएं साफइशारा हैं कि बड़े पैमाने पर देश में ऐसे लोग हैं, जिन तक संविधान की रोशनी नहीं पहुंच पाई है। इनके बारे में अलग से सोचने की जरूरत है। मध्य प्रदेश में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और तमाम धाराओं के साथ ही एनएसए भी लगा दिया गया है। ऐसी कड़ी सजा मिलनी चाहिए कि फिर कोई ऐसा दुस्साहस न करे। वैसे भी अनुसूचित जनजाति या आदिवासी अत्याचार के मामले में मध्य प्रदेश की छवि अच्छी नहीं है, जबकि वहां इस समुदाय की बहुत मजबूत उपस्थिति है। क्या ऐसे शोषण या असमानता के लिए किसी एक पार्टी को दोषी ठहराया जा सकता है? हालांकि, अब होगा यही कि हर पार्टी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए प्रतिद्वंद्वी पार्टी पर आरोप जड़ेगी। इसमें दोराय नहीं कि विपक्षी दलों को एक मुद्दा मिल गया है, तो सत्ता पक्ष को राजधर्म निभाते हुए जवाब देना चाहिए। पीड़ित के लिए अधिकतम मुआवजा-उदारता और दोषी के लिए अधिकतम दंड के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं है। साथ ही, यह भी देख लेना चाहिए कि इस मामले में तमाशबीन कौन था, जो वीडियो बना रहा था, जिसने इस अमानवीय कृत्य को रोकना उचित नहीं समझा? समाज में बढ़ते ऐसे तमाशबीन भी कतई दया के पात्र नहीं हैं।

“ जनजातियों में जो लोग खुद को समानता के लिए प्रस्तुत नहीं कर पा रहे हैं, उनके लिए क्या किया जा रहा है? ऐसी घटनाएं साफइशारा हैं कि बड़े पैमाने पर देश में ऐसे लोग हैं, जिन तक संविधान की रोशनी नहीं पहुंच पाई है। इनके बारे में अलग से सोचने की जरूरत है। मध्य प्रदेश में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और तमाम धाराओं के साथ ही एनएसए भी लगा दिया गया है। ऐसी कड़ी सजा मिलनी चाहिए कि फिर कोई ऐसा दुस्साहस न करे। वैसे भी अनुसूचित जनजाति या आदिवासी अत्याचार के मामले में मध्य प्रदेश की छवि अच्छी नहीं है, जबकि वहां इस समुदाय की बहुत मजबूत उपस्थिति है।

## कैसे पाएं परमानंद

संसार को यह परवाह नहीं कि आप अंदर से कैसे हो? संसार केवल आपका बाहरी व्यवहार देखता है। परंतु ईश्वर को यह परवाह नहीं कि आप बाहर से कैसे हो, वह केवल आपके अंदर देखते हैं।

परमानंद को सरलता से समझा नहीं जा सकता और उसे पाना भी अत्यंत कठिन है। कई जीवन-कालों के बाद परमानंद की प्राप्ति होती है और एक बार पाने पर इसे खोना तो और भी कठिन है। जीवन में आपको तलाश है केवल परमानंद की- अपने स्रोत के साथ आपके दिव्य मिलन की और संसार में बाकी सब कुछ आपको इस लक्ष्य की प्राप्ति से विचलित करता है। असंख्य कारणों, विभिन्न तरीकों से आपको उस लक्ष्य से विमुख करते हैं, लाख बहाने, जो न समझे जा सकते हैं, और न बताए जा सकते हैं, आपको घर नहीं पहुंचने देते। राग और द्वेष से मन चंचल रहता है। केवल जब मन शांत होता है, तब परमानंद उदित होता है। परमानंद वास है दिव्यता का, सभी देवों का। केवल मानव शरीर में ही इसे पाया जा सकता है, अनुभव किया जा सकता है। और एक बार मानव जीवन पाकर, तथा इस मार्ग पर आकर भी यदि आपको यह समझ में नहीं आता, तो आपे बड़े नुकसान में हो। राग और द्वेष आपके हृदय को कठोर बनाते हैं। यदि हृदय में रूखापन है, तो केवल व्यवहार में विनम्रता से कोई लाभ नहीं। व्यवहार के रूखेपन को सहा जा सकता है, परंतु दिल की कठोरता को नहीं। संसार को यह परवाह नहीं कि आप अंदर से कैसे हो? संसार केवल आपका बाहरी व्यवहार देखता है। परंतु ईश्वर को यह परवाह नहीं कि आप बाहर से कैसे हो, वह केवल आपके अंदर देखते हैं। थोड़ा सा भी राग या द्वेष का अंश कभी अपने दिल में मत बसाओ। इसे गुलाब के फूल की तरह आप रहने दो- ताजा, कोमल और सुगंधित!

यह कैसा भ्रम है- आप किसी व्यक्ति या वस्तु को नापसंद करते हो, और यह आपके हृदय को कठोर बनाता है, और इस कठोरता को निर्मल होने में बहुत समय लगता है। राग और द्वेष ऐसे जाल हैं, जो आपको अनमोल खजाने से दूर रखते हैं। याद रखिए, इस भौतिक संसार में कोई भी चीज आपको तृप्ति नहीं दे सकती। बाहरी दुनिया में संतुष्टि खोजने वाला मन अधिक अतृप्त हो जाता है और यह अतृप्ति बढ़ती ही जाती है; शिकायतें व नकारात्मक स्वभाव दिमाग को कठोर बनाने लगते हैं, वे सजगता को ढक देते हैं और वातावरण में नकारात्मकता का विष फैला देते हैं। जब नकारात्मकता शिखर छूती है, तब एक अत्यधिक फूले हुए गुब्बारे की तरह फूट जाती है और फिर से दिव्यता में आ जाती है। आप ईश्वर से कभी बच नहीं सकते, चाहे आप नकारात्मकता का लंबा रास्ता अपनाओ या तुरंत पहुंचाने वाला सकारात्मक मार्ग। जब दिव्यता उदित होती है, तब परिवर्तन तुरंत होता है- असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर, जड़ पदार्थ से प्रज्ज्वलित आत्मा की ओर!

श्री श्री रविशंकर

“ विदेश में भारतीय समाज के सशक्त होने के बाद अब राजनीति सचमुच स्थान केंद्रित नहीं रह गई है, संवाद के आधुनिक साधनों ने इसे देश और स्थान की सीमाओं के पार ला खड़ा किया है।

# परदेश में परचम लहराते देशी लोग

बद्री नारायण

डायस्पोरा के लिए हिंदी में अभी तक उसी अर्थ ध्वनि को अभिव्यक्त करने वाला कोई माकूल शब्द नहीं है। आजादी की लड़ाई के दिनों में 'प्रवासी भारतीय', 'प्रवासी जगत' जैसे शब्द बनाए गए थे। तब औपनिवेशिक शक्तियां पूरी दुनिया में प्रवासी जगत सृजित करने वाली महत्वपूर्ण कारक बनी थीं, क्योंकि तब उनके विस्तारित हो रहे खेतों के लिए अपार संख्या में श्रमिक चाहिए थे। अत उन्होंने मानवीय जनसंख्या के मानचित्र में व्यापक उथल-पुथल पैदा की। भारत से गिरमिटिया श्रमिक पूरी दुनिया में ले जाए गए। आजादी के बाद, विशेषत 1990 के बाद के भूमंडलीकरण के दौर में भारत से मानवीय पुर्वसन में काफी तेजी आई। इसने सदियों से व्यापार एवं अन्य प्रकार की आर्थिक आवाजाही से बन रहे भारतीय 'डायस्पोरा' को सशक्त किया।



प्रवासी भारतीय भारत से बाहर रहकर भी अपनी कल्पनाओं, अपने संवाद और संबंधों से 'दूरस्थ भारत' रचता रहा। फोन, मोबाइल, सोशल मीडिया, वाट्स एप, ट्विटर जैसे संवाद के आधुनिक संसाधनों ने राष्ट्रीय सीमाओं को तो धुंधला किया ही, साथ ही, प्रवासी जगत के जरिये एक अलग समुदाय पैदा किया। इस प्रवासी भारतीय जगत ने 1990 के बाद के दशक में देश में अनेक तरह की राय, सोच-समझ व विचारों के बनने और बिगड़ने की प्रक्रिया को प्रभावित किया। भारतीय जनतांत्रिक राजनीति में प्रतिद्वंद्वी नेताओं और राजनीतिक दलों के पक्ष एवं विपक्ष में विचारों को गोलबंद करने में इस प्रवासी समुदाय की भूमिका बढ़ने लगी, जिसे 'पीओआई', 'एनआरआई' जैसे नामों से हम संबोधित करते रहे हैं। इन समुदायों के लिए दोहरी नागरिकता की अवधारणा के आने के बाद भारतीय राजनीति में 'ओपिनियन' रचने वाले समुदाय के रूप में इनकी भूमिका और ज्यादा बढ़ी।

जैसा कि हम जानते हैं, भारतीय राजनीति आज छवियों, प्रतीकों और वृत्तांतों के बड़े युद्ध में तब्दील होती जा रही है। ऐसे में, राजनीतिक दल अपनी छवियों और वृत्तांतों के लिए नए संसाधन तलाशने लगे हैं। ऐसे में, भारतीय प्रवासी जगत की भूमिका देशी राजनीतिक वृत्तांतों को वैधता दिलाने में महत्वपूर्ण हो गई है।

1990 के दशक के बाद साइबर स्पेस के शक्तिवान होते जाने से देश में राजनीतिक छवियों के निर्माण में प्रवासी जगत की भूमिका को सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी के नेता नरेंद्र मोदी ने आकार दिया। वह अमेरिका, इंग्लैंड जैसे मुल्कों में जाकर अपने प्रयासों के संदर्भ में वहां के प्रवासी जनों से संवाद करने लगे। इसी शैली को बाद में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने भी अपनाया। आम आदमी पार्टी के लिए कई चुनावों में प्रवासी भारतीयों का एक भाग अनेक तरह से मददगार तो बना ही, साथ ही चुनाव के दिनों में कई प्रवासी भारतीय आम आदमी पार्टी के पक्ष में आकर चुनाव प्रचार भी करने लगे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी बाद में चलकर इस राजनीतिक शैली को अपनाया और अपने अनेक राजनीतिक विचारों व तर्कों की स्वीकृति के लिए अमेरिका, इंग्लैंड व अन्य देशों में प्रवासी भारतीयों के साथ संवाद आयोजित करने लगे। कांग्रेस ने 'ओवरसिज कांग्रेस' का भी गठन किया, जिसके मुखिया राजीव गांधी के पुराने दोस्त सैम पित्रोदा बनाए गए। समकालीन भारतीय जनतंत्र, नरेंद्र मोदी व भाजपा की आलोचना में उनके विमर्श प्रवासी भारतीयों के मार्फत न्यूज चैनलों, अखबारों, सोशल मीडिया के माध्यम से चल निकले।

भारतीय समाज, विशेषकर ग्रामीण समाज में विदेश नौकरी करने गए लोग आदर्श माने जाते रहे हैं। ऐसे में, उनकी ओर से आने वाली कोई भी राय भारत में भी कमोबेश स्वीकृति पाती है। दूसरा, प्रवासी भारतीयों की अमेरिका-इंग्लैंड जैसे देशों में प्रभावी हो रही उपस्थिति उन देशों की सरकारों को भी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से भारत के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित करती है। फिर विदेश में बढ़ रहा भारत का यह सम्मान भारतीयों का मन मोहने लगता है। तीसरा, विश्व कूटनीति में भारत के लगातार महत्वपूर्ण होते जाने के कारण और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विभिन्न देशों में बसे भारतीयों की चिंता व उनके साथ स्थापित किए जा रहे संबंध ने उन देशों में भारतीय प्रवासियों का मान बढ़ाया है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें भारतीय प्रवासी जगत भारत राष्ट्र की जनतांत्रिक राजनीति को और भारत राष्ट्र की जनतांत्रिक राजनीति भारतीय डायस्पोरा को मजबूत करने में पर्याप्त सक्रिय दिखने लगी हैं। मगर एक चुनौती भी है। प्रवासी जगत की इस बढ़ती शक्ति की भूमिका सकारात्मक रहे, नकारात्मक न बने, यह हमें देखना होगा। मजबूत होने के बाद भारतीय प्रवासी जगत कई देशों में धार्मिक और अन्य आधारों पर विभाजित दिखने लगा है। इन्हीं विभाजनों के आधार पर पिछले दिनों में खालिस्तानी आतंकवाद, इस्लामी आतंकवाद आदि को 'टेरर फंडिंग' और खाद-पानी मिलने के प्रमाण मिले हैं। तमिल अस्मिता के आक्रामक उभार में भी दुनिया भर में फैले उनके प्रवासियों की भूमिका दिखती रही है। कनाडा की संपूर्ण जनसंख्या में 2.1 प्रतिशत हिस्सा सिख आबादी का है, जहां से 1970 के दशक से ही खालिस्तानी आतंकवाद को शह मिलता रहा है। वहां की राजनीति में सिख प्रभावी हैं। खालिस्तानी आंदोलन की कथित ग्लोबल उपस्थिति इसी सिख प्रवासी जगत के छोटे से भाग के नकारात्मक जुड़ाव के कारण बन पाई है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी और दुनिया के अन्य सभी विकसित देशों में बसे तमाम भारतीय समुदायों को जोड़े रखने की जरूरत है। प्रवासी भारतीयों की शक्ति कहीं भी देश के विरुद्ध खर्च न हो, यह सुनिश्चित करना होगा। आगामी 2024 का संसदीय चुनाव नजदीक है। इस संदर्भ में भारतीय प्रवासी जगत को घरेलू राजनीति के एक मंच के रूप में गढ़ने की भी होड़ बढ़ेगी। इससे 'परदेश' भी 'देश' की राजनीति को प्रभावित करने वाली ताकत बनकर उभरेगा। भारतीय जनतंत्र का विमर्श पश्चिमी जगत और अमेरिकी मंचों में स्वीकृति या नकार पाकर भारतीय राजनीति को प्रभावित करेगा। इसे हम भूमंडलीकृत विश्व में अवधारणाओं की आवाजाही की बढ़ती राजनीतिक प्रवृत्ति के रूप में भी देख सकते हैं। अब राजनीति सचमुच में स्थान केंद्रित नहीं रह गई है, संवाद के साधनों ने इसे देश और स्थान की सीमाओं के पार ला खड़ा किया है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# ताकि आकाशीय बिजली से किसी की जान न जाए

अतींद्र कुमार शुक्ला, मौसम वैज्ञानिक

उत्तर भारत में पिछले कुछ दिनों में बिजली गिरने से कई लोगों की मौत हुई है। कहीं खेती में हल चला रहे अधेड़ पर वज्रपात हुआ, तो कहीं खेलने के दौरान मासूम बच्चों पर। पटना में तो एक वार्ड पार्षद की जान चली गई। खबरों की मानें, तो साल 2022 में प्राकृतिक आपदाओं की वजह से हुई कुल 2,183 मौतों में से 900 से ज्यादा की वजह आकाशीय बिजली थी। वर्ष 2021 में करीब 787 लोग ठनके की चपेट में आकर दम तोड़ गए। इस साल भी मार्च महीने में ही ऐसी घटनाओं ने 12 राज्यों के करीब 60 लोगों को लील लिया। ऐसे में, इस आपदा को पहचानना और समय-पूर्व इससे बचने के उपाय करना काफी आवश्यक है।

वज्रपात वायुमंडल की विशेष परिस्थितियों में बादलों व पृथ्वी की सतह के बीच होने वाला शृंखलाबद्ध विद्युत प्रवाह है। इसके कारण वायुमंडल में ऊपर से नीचे तक एक तेज प्रकाश व गर्जन पैदा होता है। इस विद्युत प्रवाह से वायुमंडलीय हवा का तापमान हजारों गुना बढ़ जाता है और इसके नजदीक आने वाले प्राणी की मौत हो जाती है। वज्रपात सामान्यत: पानी बरसाने वाले बादल के बनने के दौरान होता है। इस प्रकार के बादल काले, घने और ऊंचे टावर की तरह होते हैं, जिसकी ऊंचाई 10 से 12 किलोमीटर तक होती है। ऐसे बादलों के बनने और वज्रपात व बारिश के बाद समाप्त हो जाने में करीब डेढ़ से दो घंटे का वक्त लगता है। इसका अर्थ यह भी है कि वज्रपात एक कम समय की घटना है, जिसका सटीक पूर्वानुमान काफी पहले किया जाना कठिन है। हालांकि, वायुमंडलीय परिस्थितियों का अध्ययन करके हम कुछ समय पहले अनुमान लगा सकते हैं, जिससे जान-माल की हानि कम का जा सकती है।



इसके लिए सबसे पहले हमें वज्रपात पैदा करने वाले बादलों को पहचानना सीखना होगा। वज्रपात होने की स्थिति में पैदा हुई बिजली की चमक काफी दूर तक दिखाई देती है और गर्जना भी कुछ समय के बाद सुनाई देती है। बिजली की चमक और गर्जना के अंतराल का ध्यान रखकर हम अपना बचाव कर सकते हैं। मसलन, तीन सेकंड के अंतराल का मतलब है कि बादल हमसे एक किलोमीटर की दूरी पर है। ऐसे में, हमें तुरंत घर-दालान की ओट में चले जाना चाहिए। वज्रपात से बचने का सबसे सुरक्षित ठिकाना घर ही है। दूसरा उपाय मशीनों से बादलों की पहचान करना है। डॉप्लर रडार इसमें सबसे कारगर माना जाता है। इसके जरिये करीब 200-300 किलोमीटर की दूरी पर वज्रपात कर सकने वाले बादलों को चिह्नित कर करीब दो से तीन घंटे पूर्व चेतावनी जारी की जा सकती है। यानी, किसी केंद्रीय स्थान पर इस रडार को लगाकर हम उसके आसपास के इलाके को सुरक्षित कर सकते हैं। अभी ऐसे रडार अमूमन राज्यों की राजधानी में लगे हैं। इनको प्रभावित क्षेत्रों में और सघनता से लगाए जाने की जरूरत है। तीसरा उपाय पूर्व-चेतावनी यंत्र है। ऐसी कुछ मशीनें हैं, जो बिजली गिरने के समय की परिस्थितियों को समझकर आकाशीय बिजली और आपके बीच की दूरी बताती हैं। मौसम विभाग द्वारा बनाया गया 'दामिनी' नामक एप भी काफी चलन में है, जो बिजली की चमक की दूरी को समय के रूप में (पांच मिनट, दस मिनट आदि) प्रदर्शित करता है। कुछ यंत्र तो ऐसे हैं, जो वज्रपात पैदा करने वाले बादल की आहट लेकर आपको सावधान करते हैं।

हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में वज्रपात से जान-माल की होने वाली हानि को कम करने के प्रयास किए गए हैं, लेकिन इनका कुछ खास नतीजा सामने नहीं आया है। इसका एक मुख्य कारण यह है कि लोगों को समय पर जानकारी नहीं मिल पाती। मरने वाले ज्यादातर किसान, मजदूर, श्रमिक होते हैं, जो खुले मैदान में या खेत में काम कर रहे होते हैं। 'दामिनी' जैसे एप भी स्मार्टफोन में काम करते हैं, और ऐसे फोन की उपलब्धता सभी के पास नहीं है। लिहाजा, सुविकसित सूचना तंत्र की जरूरत है, जो सुदूर इलाकों तक तुरंत सूचना प्रसारित कर दे। ऊंचे भवनों पर तड़ित चालक भी लगाया जाना चाहिए। ऐसे स्थानों का चयन भी होना चाहिए, जहां बार-बार बिजली गिरने की घटनाएं होती हैं। वहां तड़ित चालक लगाकर व कृषि-इलाकों में कुछ-कुछ दूरी पर सेल्टर होम बनाकर हम लोगों की जान बचा सकते हैं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# खेलबो जीतबो गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में खेलों के लिए बेहतर हो रहे माहौल का ही असर है कि यहां पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों के बड़े आयोजन होने लगे हैं। रायपुर में जब पहली बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट, शंतरज और बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तो इससे न केवल छत्तीसगढ़ की एक सकारात्मक छवि पूरे विश्व में निर्मित हुई, बल्कि यहां की संस्कृति, रहन-सहन, खान-पान एवं प्राकृतिक सौंदर्य के बारे में भी ज्यादा से ज्यादा लोगों को जानने का मौका मिला।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल के निर्देशन में छत्तीसगढ़ सरकार राज्य को खेल का महाकुंभ बनाने के लिए किस कदर गंभीर है इस बात से पता चलता है कि राज्य में आवासीय एवं गैर आवासीय अकादमियों के निर्माण करने के साथ ही यहां के ग्रामीण क्षेत्रों से भी प्रतिभावान खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए वहां के भौगोलिक स्थिति और खेल कौशल के हिसाब से उस क्षेत्र में खेल अकादमी का निर्माण किया जा रहा है। इसी का असर है कि नारायणपुर जैसे दूरस्थ अंचलों से भी निकले प्रतिभावान खिलाड़ी आज अपने खेल जौहर से राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता की बात करें तो छत्तीसगढ़ में पहली बार रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 21 जनवरी 2023 को भारत और न्यूजीलैंड के बीच अंतर्राष्ट्रीय मैच संपन्न हुआ। इसी तरह शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रोड सेफ्टी क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2021 में 02 से 21 मार्च तक आयोजित हुआ। 2022 में भी 27 सितंबर से एक अक्टूबर तक इस टूर्नामेंट का दोबारा आयोजन हुआ। इस टूर्नामेंट का लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। इसमें भारत, साउथ अफ्रीका, आस्ट्रेलिया, वेस्ट इंडीज, बांग्लादेश, श्रीलंका की टीमों ने भाग लिया। लोगों को सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, जोंटी रोड्स, मुरलीधरण जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को खेलते देखने का भी मौका मिला।

इसी प्रकार 19 से 28 सितंबर 2022 को रायपुर में सी.एम. ट्राफी इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर्स चेस टूर्नामेंट संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट में भारत के 21 राज्यों के शतरंज खिलाड़ी सहित यूएसए रूस, यूक्रेन, जॉर्जिया, यूएसए, कजाकिस्तान, मंगोलिया, पोलैंड, वियतनाम, कोलंबिया, ईरान, श्रीलंका, किर्गिस्तान, बांग्लादेश, जिम्बाब्वे व नेपाल के शतरंज के महारथी पहुंचे थे। इस इंटरनेशनल टूर्नामेंट में हिस्सा लेने पहुंचे खिलाड़ियों में 16 ग्रैंड मास्टर, 27 इंटरनेशनल मास्टर, 03 वीमेन ग्रैंड मास्टर, 11 वीमेन इंटरनेशनल मास्टर, 14 फीडे मास्टर, 375 इंटरनेशनल रेटेड प्लेयर्स समेत अन्य वर्गों के खिलाड़ी शामिल थे। खिलाड़ियों को यहां की संस्कृति एवं अपनेपन ने काफी प्रभावित किया। उन्होंने राज्य सरकार को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और दोबारा आयोजन होने पर फिर से यहां आने की बात कही।

राज्य में पहली बार रायपुर में 20 से 25 सितम्बर 2022 तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मुख्यमंत्री ट्राफी इंटरनेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की इस बैडमिंटन स्पर्धा में भारत के साथ ही श्रीलंका, थाइलैंड, कनाडा, अमेरिका, मालदीव, मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया, जापान, युगांडा और जाम्बिया के लगभग 550 बैडमिंटन खिलाड़ी शामिल हुए।

# नौशहरा के मसीहा को विदाई

काश्मीर के युद्ध में वीरगति प्राप्त ब्रिगेडियर उसमान की आज दिल्ली में राजकीय अंत्येष्टि की गई। उनका शव कल वायुयान द्वारा श्रीनगर से यहां लाया गया था। अर्थी का जुलूस संध्याकाल 4-50 पर दिल्ली छावनी के फौजी अस्पताल से निकाला गया। सेक्रेटेरियट के दक्षिणी भवन के द्वार पर पहुंचने पर उसमें गवर्नर-जनरल के एक प्रतिनिधि, प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, अन्य मंत्रीगण तथा फौजी और नागरिक अफसर सम्मिलित हो गये। कांग्रेस अध्यक्ष डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद भी जुलूस के पीछे-पीछे चल रहे थे। वहां पर जुलूस का पुनर्गठन किया गया और उसमें गवर्नर-जनरल की अंगरक्षक सेना तथा प्रथम गुरखा रायफल्स की पैदल टुकड़ी भी सम्मिलित हुई। स्वर्गीय ब्रिगेडियर उसमान के संबंधी तथा मित्र और जल, स्थल और वायु सेना के उच्च अधिकारी प्रमुख शोककर्ता थे। अर्थी का जुलूस पश्चिमी कमान के सदर मुकाम और कनाट प्लेस होता हुआ ओखला के समीप जामिया मिल्लिया गया। तीनों कमानों के प्रमुखों, जनरल करिअप्पा तथा अन्य फौजी अफसरों ने अर्थी को हार पहनाये। दफन-क्रिया रात को 8-30 पर ओखला में डाक्टर अन्सारी की कब्र के पास की गई। हिन्दू, सिख तथा मुस्लिम अर्थी-वाहक अर्थी को कब्रिस्तान ले गये। जुलूस की मोटरें जब जामिया मिल्लिया पहुंचीं तो उन्हें कतारों में खड़ा कर दिया गया और वहां से पैदल जुलूस शुरू हुआ। अर्थी के पीछे-पीछे भारत के गवर्नर-जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य, प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, शेख अब्दुल्ला, सरदार बल्देव सिंह, तीनों कमानों के कार्यालय प्रमुख, मंत्रीगण तथा उनके सेक्रेटरी चल रहे थे। कब्रिस्तान में शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद ने नमाज पढ़ाई। जब अन्तिम अवशेष कब्र में रखे जा रहे थे, तब एक टैंक-टुकड़ी ने गोले दागकर दफन-क्रिया की पूर्ति की सूचना दी।

शेख अब्दुल्ला ने श्रीनगर से अंत्येष्टि में सम्मिलित होने के लिए रवाना होने से पूर्व संदेश भेजते हुए कहा, 'ब्रिगेडियर उसमान की मृत्यु दुखान्त है। उन्होंने प्राण इसलिए दिये कि काश्मीरी पूर्ण राष्ट्रीयता प्राप्त कर सकें और उस स्वतंत्रता की, जिसे उन्होंने घोर संघर्ष के बाद प्राप्त किया है, रक्षा कर सकें। ... जब तक काश्मीर का नाम रहेगा, तब तक ब्रिगेडियर उसमान का नाम भी जीवित रहेगा।'

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 8103338634

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### जिले में निरंतर चलेगा मतदाता जागरूकता अभियान

**सूरजपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के दृष्टिगत सूरजपुर जिले मे मतदाता जागरूकता अभियान को सुव्यवस्थित संचालित करने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वीप नोडल सुश्री लीना कोसम के अध्यक्षता मे एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा की उपस्थिति में जिला स्तरीय स्वीप कोर समिति की बैठक आयोजित की गई। स्वीप नोडल अधिकारी द्वारा सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारीयों को शाला प्रवेष उत्सव में, हाट बाजारों में, छत्तीसगढ़ ओलम्पिक, हरेली त्योहार कार्यक्रम में आयोजित कर मतदाता शपथ दिलाने के निर्देश दिये। कॉलेज, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में 18 वर्ष से ऊपर पात्र विद्यार्थियों को मतदाता पंजीकरण फार्म-06 भराकर मतदान हेतु सहभागिता करने के निर्देश दिये गये। अधिकारियों को मतदाता जागरूकता हेतु साप्ताहिक कार्यक्रम बनाकर अभियान में आयोजित करने के निर्देश दिये। इस हेतु कॉलेज, स्कूल में मतदाता जागरूकता रैली, मानव श्रृंखला, रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता कराकर मतदाताओं के मध्य प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। सभी पात्र दिव्यांग व्यक्तियों को मतदाता के रूप में पंजीकृत किये जाने के निर्देश दिये। जिसमें सूरजपुर जिले के सभी कॉलेजों के प्रोफेसर नोडल अधिकारी, सभी 6 विकासखंड के विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी, साक्षर भारत, एनसीसी, एनएसएस अधिकारी, दिव्यांग आइकन परमेश्वर यादव और स्वीप से जुडें नोडल अधिकारी उपस्थित रहें।

### बरसात के मौसम में बीमारियों से रहें सावधान, मच्छर व जल जनित रोगों की बढ़ जाती है संभावना

**कोरबा।** मानसून शुरू होने के साथ ही मौसमी बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ता है। जिसके अंतर्गत मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, सर्दी, खांसी, उल्टी, दस्त, वायरल बुखार, फंगल इन्फेक्शन, हेपेटाइटिस और टायफाइड जैसी बीमारियां शामिल हैं। बरसात के मौसम में तापमान में उतार-चढ़ाव होने से बैक्टीरिया का प्रभाव व्यक्ति के स्वास्थ्य पर पड़ता है जिससे वह सर्दी या फ्लू का शिकार हो जाता है। बच्चों से लेकर बड़ो तक किसी भी आयु के व्यक्ति को मौसमी बीमारियां हो सकती है। इस हेतु बरसात के मौसम में अपने शरीर को सुरक्षित रखने के लिए पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो एवं बीमारियों से हमारे शरीर की रक्षा करे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मानसून में कई तरह के मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू आदि का खतरा काफी बढ़ जाता है साथ ही दूषित जल से हैजा, टाईफाईड, हेपेटाईटिस ए जैसी गंभीर बीमारियों से संक्रमित होने का खतरा रहता है। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में मलेरिया से अधिक लोग ग्रस्त रहते हैं।

वन विभाग और स्व-सहायता समूहों द्वारा हरेली के लिए तैयार कराई जा रही हैं गेड़ियां: निर्धारित शुल्क पर खरीदी जा सकेंगी

# मुख्यमंत्री द्वारा गांवों में आज से 17 जुलाई तक 'रोका-छेका' करने की अपील

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों, किसानों, सरपंचों, ग्राम पटेलों, गौठान समितियों और अधिकारियों से गांव में 6 जुलाई से 17 जुलाई तक 'रोका-छेका' करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मानसून के आगमन के साथ गांवों में बोनी और रोपा का काम भी शुरू हो गया है। ऐसे में फसलों की रखवाली भी जरूरी है। अब 'रोका-छेका' का समय आ गया है। 'रोका-छेका' से आवारा मवेशियों से फसलों को बचाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने 'रोका-छेका' के लिए गांवों में मुनादी कराने तथा गौठानों में पशुओं के लिए चारे-पानी की व्यवस्था कराने का आग्रह किया।






मुख्यमंत्री बघेल अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि के वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में 18 करोड़ 47 लाख रूपए की राशि का ऑनलाईन अंतरण किया। इस राशि में 15 जून से 30 जून तक गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय किए गए 2.52 लाख क्विंटल गोबर के एवज में 5.05 करोड़ रूपए, गौठान समितियों को 7.79 करोड़ रूपए और महिला समूहों को 5.53 करोड़ रूपए की लाभांश राशि वितरित की गई।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को इस माह की 17 तारीख को आ रहे हरेली त्यौहार की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने किसानों से धान के साथ-साथ खरीफ की अन्य फसलों का रकबा बढ़ाने का आग्रह करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ में सभी फसलों का अच्छा मूल्य मिल रहा है। किसानों को धान के अलावा खरीफ की अन्य फसलें भी लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद-बीज की कमी नहीं होने दी जाएगी, हमारे गौठानों में भी पर्याप्त मात्रा में जैविक खाद उपलब्ध है। उन्होंने इस मौके पर किसानों को खरीफसीजन में ज्यादा से ज्यादा जैविक खाद और जैविक कीटनाशक का उपयोग करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कई इलाकों में अच्छी बारिश हो रही है। बोनी का काम शुरु हो गया है, बीजों का चयन किस तरह करना है, इसके बारे में आप लोगों को ज्यादा बताने की जरूरत नहीं है। तब भी मैं कहना चाहूंगा कि कृषि विभाग से मार्गदर्शन लेते रहें, क्योंकि अनुभव के साथ विज्ञान के मेल से और भी अच्छे परिणाम मिलते हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक प्रदेश में 03 लाख 33 हजार हेक्टेयर में खरीफ फसल की बोनी हो चुकी है। इस सीजन के लिए 48 लाख 20 हजार हेक्टेयर में बोनी का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा कहलाता रहा है। पिछले खरीफ मार्केटिंग सीजन में छत्तीसगढ़ ने केंद्रीय पुल में न सिर्फ सबसे ज्यादा योगदान दिया था, बल्कि देशभर में धान बेचने वाले कुल किसानों में छत्तीसगढ़ के किसानों की संख्या सबसे ज्यादा थी। पिछले साल 107 लाख 53 हजार मीटरिक टन धान खरीदा था। लगभग 24 लाख किसानों ने धान बेचा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल भी हरेली उत्साहपूर्वक मनायी जाएगी। राज्य शासन द्वारा आम नागरिकों के लिए गेड़ी की खास व्यवस्था की जा रही है।

## विधायक ने किया यूथ सेंटर एवं पुस्तकालय का लोकार्पण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** सन् 1914 ब्रिटिश शासन काल के दौरान घरघोड़ा मुख्यालय में बने शासकीय प्राथमिक स्कूल ने न जाने कितनों की इस परिसर में शिक्षा के माध्यम से जीवन संवारा होगा। लेकिन वहीं परिसर कई सालों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में अपने कायाकल्प की बाट जोह रहा था। जिसको साकार किया कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की सोच ने। जिनके माध्यम से आज यह परिसर का पूर्णता जीर्णोद्धार हो चुका है। अब यहां बच्चों को शिक्षा के साथ कई सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध हो चुकी है। जिसका आज धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने लोकार्पण किया।

कलेक्टर श्री सिन्हा की पहल पर एनटीपीसी लिमिटेड तलाईपाली के सहयोग से शासकीय प्राथमिक स्कूल एवं यूथ सेंटर का आज जीर्णोद्धार किया गया। मुख्य बात यह है कि पूर्व में यहां केवल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में शासकीय प्राथमिक स्कूल संचालित हो रहा था। लेकिन अब यह शासकीय प्राथमिक स्कूल मॉडल स्कूल के रूप में सुसज्जित हो चुका है। इसके साथ ही यहां युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर वातावरण प्रदान करने यूथ सेंटर में लाईब्रेरी, डिजिटल लाईब्रेरी, वाई-फाई के साथ ही बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास, प्ले रूम, स्पोर्ट्स रूम, बैडमिंटन कोट के अलावा सभाकक्ष भी बनाया गया है। जिससे आज एक ही परिसर में बच्चों को कई प्रकार की सुविधाएं मुहैय्या हो रही है।

## संसदीय सचिव चंद्राकर ने पौधा तुंहर दुवार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अंतर्गत वन परिक्षेत्र महासमुंद में संसदीय सचिव एवं विधायक विनोद चन्द्राकर द्वारा पौधा तुंहर दुवार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पौधा तुंहर दुवार योजना अंतर्गत महासमुंद नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क घर पहुंचाकर पौधा प्रदाय करने की योजना बनाई गई है।

जिसका उद्देश्य नगर के अंदर एवं आसपास के क्षेत्रों में हरियाली को बढ़ावा देना है। यदि कोई नागरिक अपने घर के आस-पास हरियाली लाने के लिए पौधरोपण करना चाहते है तो परिक्षेत्र अधिकारी तोषराम सिन्हा मोबाईल नम्बर +91-82360-84818 एवं कमल नारायण नामदेव परिक्षेत्र सहायक मोबाईल नम्बर +91-91318-69586 पर सम्पर्क कर पौधा मंगा सकते हैं। इस अवसर पर संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर ने मौके पर उपस्थित



हितग्राही को पौध वितरण किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने और संरक्षण की दिशा में वन विभाग द्वार यह सराहनीय पहल की गई है। इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उप वनमंडल अधिकारी महासमुंद अब्दुल वहीद खान ने बताया कि करीब एक लाख फलदार पौधों का वितरण का लक्ष्य रखा गया है। जो 31 जुलाई तक चलेगा। ज्ञात है कि राज्य शासन के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर तोषराम सिन्हा परिक्षेत्र अधिकारी महासमुंद, कौशल आडिल बीट वन अधिकारी महासमुंद, दीपक शर्मा बीट वन अधिकारी महासमुंद एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## नागरिक सुविधाओं की दृष्टि से परिवहन विभाग के नवाचार उपयोगी: मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में परिवहन विभाग के अंतर्गत संचालित तुंहर सरकार तुंहर दुआर योजना के तहत दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिचर्स इंस्टीट्यूट के माध्यम से प्रदेश में कुशल ड्राइवरों की आवश्यकता पूरी हो रही है।




नागरिक सुविधाओं की दृष्टि से परिवहन विभाग की नवाचारी पहल उपयोगी साबित हुई है। इस दौरान परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा ने परिवहन विभाग द्वारा किए जा रहे नवाचारों की मुख्यमंत्री को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तुंहर सरकार तुंहर दुआर अभियान से अब तक 21 लाख 4 हजार 95 लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्रों की होम डिलीवरी हुई है। तुंहर सरकार तुंहर दुआर के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 461 परिवहन सुविधा केंद्र आरम्भ किये गए हैं। प्रदेश के सभी विकासखण्डों में यह केन्द्र आरम्भ हो चुके हैं। परिवहन आयुक्त श्री दीपांशु काबरा ने बताया कि अब तक 14 लाख 33 हजार 444 रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र और 6 लाख 70 हजार 651 ड्राइविंग लाइसेंस की होम डिलीवरी हुई है। वर्तमान में परिवहन विभाग द्वारा संचालित तुंहर सरकार-तुंहर दुआर योजना के माध्यम से 22 प्रकार की सेवाओं की घर पहुंच उपलब्ध कराई जा रही है। परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार भी मिला है। अब किसी भी आवेदक के डेटा के आधार प्रमाणीकरण के बाद प्राप्त आवेदनों का बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के स्वतः अनुमोदन हो जाता है। इसी तरह ड्राइविंग लाइसेंस के लिए जारी होने वाला प्रमाण पत्र वन-ए भी ऑनलाइन जारी किया जा रहा है। इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा डॉक्टरों की सेवाएं ली जा रही हैं। अब तक एक लाख से अधिक मेडिकल फार्म ऑनलाइन जारी किए जा चुके हैं। आवेदक को पंजीयन पुस्तिका एवं ड्राइविंग लाइसेंस लेने के लिए परिवहन कार्यालय नहीं जाना पड़ता।

जोबा ग्रामवासियों के निस्तारी की समस्या का समाधान

# नरवा विकास: भुमका नाला के उपचार से वनांचल के जल स्तर में सुधार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "नरवा विकास कार्यक्रम" के तहत दक्षिण कोंडागांव वनमंडल के दहिकोंगा परिक्षेत्र के अंतर्गत भुमका नाला के उपचार से वनांचल के भू-जल स्तर में काफी सुधार आया है। वहां दहीकोंगा उप परिक्षेत्र में कैम्पा मद की वार्षिक कार्य-योजना 2021-22 में वन क्षेत्र में स्थित भूमका नाला का चयनित करके नरवा उपचार का कार्य किया जा रहा है।




ग्राम जोबा और वन प्रबंधन समिति द्वारा भुमका नाला के पुनर्जीवन के लिए किए गए योजनाबद्ध कार्यों का प्रत्यक्ष लाभ अब देखने को मिल रहा है। नरवा विकास योजना के अन्तर्गत भुमका नाला में 12 हजार 23 संरचनों का निर्माण 1 करोड़ 44 लाख 78 हजार रूपए की लागत से कराया जा रहा है।

जिससे नाले के भू-जल संवर्धन के साथ साथ नालों में निर्मित संरचनाओं में उपलब्ध पानी का सिंचाई के रूप में उपयोग किया जा रहा है।

दहिकोंगा परिक्षेत्र में दहिकोंगा उप परिक्षेत्र के जोबा घोडागाँव बड़े कनेरा के अधिकतर भाग मारी क्षेत्र में आते हैं, जहाँ ग्रीष्म ऋतु के दौरान वहां के ग्रामीणों को अपने दैनिक जीवन में पानी की दिक्कत का बहुत सामना करना पड़ता है।

स्टाप डेम के निर्माण से अब जोबा गांव के ग्रामीणों के लिए पानी तथा निस्तारी आदि की समस्या का समाधान हो गया है। भुमका नाला में उपचार कार्यों से भू-जल स्तर में भी सुधार हुआ है, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण वहां के नालों और कुआं में बढ़े जल स्तर से देखा जा सकता है। योजना का लाभ - इसी कड़ी में भुमका नाला में स्टॉप डैम - 01 (19 मीटर लम्बाई 1.74 मीटर उचाई) का 16 लाख रूपए की लागत से निर्मित किया गया है। वर्तमान स्तिथि में स्टॉप डेम-01 के जल भराव क्षेत्र औसतन 1.74 मीटर उचाई में 475 मीटर लम्बाई क्षेत्र में 15000 क्यूबीक मीटर पानी का संग्रहण है। जिसका लाभ उठाते हुए किसान सुबरु राम और घसिया राम स्टॉप डेम के समीप 3.5 हेक्टेयर में खेती कर रहे हे। पहले बारिश के समय ही मक्का की खेती करता था अब स्टॉप डेम के निर्माण के बाद खरीफ फसल के बाद रबी फसल और साथ साथ सब्जी के फसल ले रहे है।

वे सब्जी के खेती से अतिरिक्त आर्थिक उपार्जन का काम कर रहे हैं और किसान, सुबरु राम और सिया राम अपने क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन रहे है। इसके अलावा सुबरु राम अपने खेत में दो बड़े तालाब का भी निर्माण करवाया है, जिसमें उन्होंने 35 किलोग्राम मछली बीज डाल मछली पालन कर रहा है। तालाब में पानी की मात्रा कम होने पर स्टाप डेम से पानी लेकर उसकी पूर्ति कर रहा है।

### शासकीय पॉलीटेक्निक में मनाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**सूरजपुर।** शासकीय प्रशिक्षण प्रदाता संस्था शासकीय पॉलीटेक्निक सूरजपुर, सरनापारा पर्री में जिला प्रशासन, निर्वाचन कार्यालय की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर चोल साय चेरवा, एवं रजाक अंसारी, के द्वारा वोटर आई.डी. रजिस्ट्रेशन, वोटर जागरूकता एप्प, अन्य माध्यमों से वोटर आई.डी. में नाम जुड़वाने तथा सभी को मतदान में बढ़चढ़ कर भाग लेने तथा दूसरों को प्रेरित करने के लिए संस्था में अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थियों को वोटर हेल्पलाईन मोबाईल में डाउनलोड कराया गया। साथ ही सभी कार्यरत अधिकारी, कर्मचारीयों को प्रेरित किया गया।

BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai

ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार
होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
CONTACT
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### प्रदेश में 10 अगस्त को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

**रायपुर।** प्रदेश में आगामी 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। राज्य के सात जिलों दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, जांजगीर-चाँपा, सक्ती, मुंगेली और महासमुंद में 10 अगस्त से 17 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्लै ने आज मंत्रालय में राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक लेकर दोनों अभियानों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में मौजूद स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को दोनों अभियानों में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने को कहा।

राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक में दोनों अभियानों की रूपरेखा और प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान, स्वास्थ्य विभाग के उप संचालक डॉ. वी.आर. भगत और डॉ. महेंद्र सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, गैर-सरकारी संगठन एविडेंस एक्शन तथा अन्य संस्थाओं के अधिकारी मौजूद थे।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दौरान 10 अगस्त को प्रदेश में एक वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाई जाएगी। 10 अगस्त को दवा सेवन से छूटे हुए बच्चों व किशोरों को 17 अगस्त को मॉप-अप दिवस पर दवा खिलाई जाएगी। आंगनबाड़ियों, शासकीय विद्यालयों, स्वास्थ्य केन्द्रों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों और तकनीकी शिक्षा संस्थानों में बच्चों को कृमि की दवा का सेवन कराया जाएगा। एक वर्ष से दो वर्ष के बच्चों को अलबेंडाजॉल की आधी गोली खिलाई जाएगी। दो साल से अधिक उम्र के बच्चों को अलबेंडाजाल के साथ डीईसी गोली खिलाई जाएगी।

# नवा रायपुर में विकसित होगा देश का सबसे बड़ा थोक बाजार, होंगी सभी मूलभूत सुविधाएं

## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को थोक बाजार के लिए कार्ययोजना पर तेजी से कार्य करने के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नवा रायपुर में देश का सबसे बड़ा थोक बाजार विकसित होगा। लगभग 438.47 हेक्टेयर में प्रस्तावित थोक बाजार का निर्माण सेक्टर 27 में किया जाएगा। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा इस थोक बाजार का निर्माण किया जाएगा। यहां छोटे-बड़े सभी व्यापारियों के लिए आधारभूत जरूरी सुविधाएं होंगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एनआरडीए के अधिकारियों से कहा है कि इस थोक बाजार की कार्ययोजना को इस तरह से अमलीजामा पहनाएं ताकि देश का यह सबसे बड़ा थोक बाजार छोटे-बड़े सभी व्यापारियों की जरूरत पूरा कर सके। यहां व्यापारिक और वाणिज्यिक गतिविधियों का तीव्र विस्तार हो सके। श्री बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को थोक बाजार के लिए कार्ययोजना पर तेजी से कार्य के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बैठक में नागरिक सेवाओं एवं ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने मितान योजना के क्रियान्वयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शासकीय योजनाओं की डिलीवरी बिना कार्यालय पहुंचे तथा शीघ्रता से नागरिकों को मिल पा रही है। मेरे पोते का आधार कार्ड भी मितान के माध्यम से बना है। गौरतलब है कि मितान योजना पहले राज्य के नगर निगम क्षेत्रों में लागू थी। अब इसका विस्तार नगर पालिका क्षेत्रों में किया गया है।



### रीपा के उत्पादों की ऑनलाईन आपूर्ति व्यवस्था हो बेहतर

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) की समीक्षा में कहा कि सभी उत्पादों की ऑनलाइन आपूर्ति की व्यवस्था हो, सी-मार्ट में इनकी उपलब्धता हो। उत्पादनकर्ता को बाज़ार से जोड़ना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि रीपा में अनेकों तरह की गतिविधि हो रही है। बेकरी एवं खाद्य उत्पाद, मिलेट, परिधान, निर्माण आदि क्षेत्रों में अच्छा काम हो रहा है और उद्यमी आगे आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय भवनों में रंग-रोगन के लिए गोबर पेंट का उपयोग हो रहा है। निजी क्षेत्रों में भी इसकी बिक्री बढ़ाएं। उन्होंने रेरा में दर्ज बिल्डरों से भी गोबर पेंट के इस्तेमाल के लिए आग्रह करने अधिकारियों को कहा।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि सबसे ज्यादा आवेदन बच्चों के आधार कार्ड से संबंधित आ रहे हैं। मितान योजना अंतर्गत अब तक प्रदेश के नगर निगमों के 1 लाख 03 हजार 315 हितग्राहियों के विभिन्न दस्तावेज तैयार कर डोर स्टेप डिलीवरी की गई है। बच्चों के आधार कार्ड बनाने के लिए मितान को सबसे अधिक फोन आते है और यह सबसे ज्यादा लोकप्रिय है। साथ ही जाति और आय प्रमाणपत्र भी काफी बने हैं। नए नगरीय निकायों में मितान योजना आरम्भ होने के बाद 3 दिनों में लगभग 2 हजार कॉल आये हैं जिसमें आगे की कार्यवाही की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि फोन कॉल के साथ ही एप के माध्यम से भी मितान योजना की सेवा शीघ्र ही दी जाएगी।

बैठक में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आरंभ किए गए महात्मा गांधी औद्योगिक पार्क की समीक्षा भी की गई। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अंकित आनंद, सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास आर. प्रसन्ना, आयुक्त जनसंपर्क दीपांशु काबरा, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. फकीर अय्याज भाई तम्बोली, संचालक कृषि रानू साहू, रीपा के राज्य नोडल गौरव सिंह, संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग डॉ. सारांश मित्तर उपस्थित थे।

### बेहतर लोकेशन में खोले जाएं धन्वन्तरी स्टोर्सः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री बघेल ने शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा में कहा धन्वन्तरी मेडिकल स्टोर्स बेहतर लोकेशन में खोले जाएं। उन्होंने इस मौके पर स्लम स्वास्थ्य योजना की समीक्षा की और लगातार हेल्थ कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए मौसमी बीमारियों से जुड़ी दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि धन्वन्तरी मेडिकल स्टोर्स के माध्यम से अब तक 132 करोड़ रुपये की बचत हितग्राहियों को हुई है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से इन मेडिकल स्टोरों का लोकेशन भी बेहतर किया जा रहा है। मेडिकल स्टोर के माध्यम से मिलने वाले लाभ के बारे में एसएमएस के माध्यम से अधिकाधिक लोगों को जानकारी दिये जाने के प्रयासों पर काम हो रहा है। बैठक में अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण अधिनियम के क्रियान्वयन और शहरी आवास योजना के कार्यों की भी समीक्षा की गई।

### 90 प्रतिशत रीपा में वाई-फाई सुविधा

रीपा के समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के 90 प्रतिशत रीपा में वाई-फाई सुविधा उपलब्ध है। 300 रीपा में से 270 रीपा में वाई-फाई से डिजिटल कनेक्टीविटी अच्छी होने के कारण युवा भी इसका लाभ उठा रहे हैं। साथ ही वाई-फाई युक्त 12 रीपा केंद्रों में रेस्टोरेंट का भी बेहतर संचालन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटली जुड़ने से इसका बड़ा लाभ सबको मिलेगा। इस मौके पर अधिकारियों ने बताया कि संभाग स्तरीय मिलेट कार्निवाल के लिए योजना तैयार हो रही है। गोबर पेंट के उपभोक्ताओं से भी फीडबैक लिए जा रहे हैं। साथ ही रीपा के लिए तकनीकी सहायता हेतु सीएफटीआरआई में एक दल भ्रमण के लिए भेजा जाएगा। चूंकि ग्रामीण विकास मंत्रालय का संस्था से अनुबंध है, अतएव तकनीकी सहायता वहां से भी मिल सकेगी।

# स्थानीय औषधियों पर आधारित उद्योग की स्थापना से होगा लाभः सीएसआईडीसी अध्यक्ष नंदकुमार साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नंदकुमार साय ने छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपर कार्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण करने के बाद उद्योग भवन में सीएसआईडीसी के अधिकारियों की बैठक ली और राज्य में औद्योगिक प्रगति के संबंध पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप राज्य में औद्योगिक विकास के साथ-साथ स्थानीय निवासियों के उत्थान के लिए सतत कार्य करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर क्षेत्र में निवेश संभावनाओं पर आधारित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग की अधिक से अधिक स्थापना हो ताकि लोगों को रोजगार मिल सके। अध्यक्ष श्री साय ने स्थानीय कृषि, खाद्य, लघु वनोपज, औषधीय वनोपज एवं हर्बल उपज पर आधारित लघु उद्योगों की स्थापना पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय निवासियों के जड़ी-बूटी संबंधी प्राचीन ज्ञान के आधार पर स्थानीय औषधियों एवं हर्बल उपज पर आधारित लघु उद्योगों की स्थापना से उनका मूल्य संवर्धन संभव हो सकेगा एवं इसका लाभ सभी हो मिलेगा। अध्यक्ष श्री साय ने राज्य के विभिन्न स्थानों पर स्थापित हो रहे फूड पार्कों की स्थापना की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।




बैठक में संचालक उद्योग सह प्रबंध संचालक, सीएसआईडीसी डॉ. सारांश मित्तर ने अध्यक्ष श्री साय को राज्य में फूड पार्कों, जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क एवं प्लास्टिक पार्क के निर्माण के लिए किए जा रहे अधोसंरचना विकास के बारे में बताया। उन्होंने जानकारी दी की ग्रामीणों की आय में वृद्धि एवं समावेशी विकास के लिए छोटे औद्योगिक क्षेत्रों एवं फूड पार्कों की स्थापना का कार्य तेजी से चल रहा है। डॉ. मित्तर ने निवेशकों एवं उद्यमियों को सुविधा प्रदान करने के लिए ऑनलाईन किए गए विभिन्न अनुदान व छूट हेतु आवेदन, भूमि आबंटन, वाटर कनेक्शन, देयक भुगतान आदि के संबंध में भी जानकारी दी। डॉ. मित्तर ने बताया की उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि की आबंटन दरों में कमी की गई है। लीज रेंट 3 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत किया गया है। उद्योगों को आबंटित भूमि को लीज होल्ड से फ्री होल्ड किए जाने की सुविधा दी गई है। उन्होंने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों में उद्यमिता को बढ़ावा देने एवं स्टार्ट-अप उद्यमों के प्रोत्साहन के लिए घोषित विशेष पैकेज के संबंध में जानकारी दी। बैठक में सीएसआईडीसी के कार्यपालक संचालक अनिल कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक संजय सिन्हा व अजय श्रीवास्तव, महाप्रबंधक ओपी बंजारे एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

संभाग आयुक्त डॉ. संजय अलंग ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

# दीवाली के पहले शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर धमतरी ब्लॉक में मनाई जाएगी पानी की दीवाली



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** संभाग आयुक्त डॉ. संजय अलंग ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में डॉ. अलंग ने रायपुर संभाग में जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों और पेय जल व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने संभाग के जिलों के अधिकारियों से जिले में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यो के संबंध में चर्चा की और योजना के लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल कनेक्शन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया ।

बैठक में संभागायुक्त ने रायपुर संभाग अंतर्गत सभी जिलों के कार्यों की समीक्षा की उन्होंने रायपुर, धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद जिले के प्रदर्शन को सहराते हुए अपनी खुशी जाहिर की साथ ही बालौदाबाजार जिले का प्रदर्शन राज्य के औसत प्रदर्शन से कम होने पर नाराज़गी भी व्यक्त की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों की सहराना करते हुए कहां यह अच्छी बात है कि सभी जिलों ने टेंडर के कार्य लगभग पूर्ण कर लिए है और इसलिए हम इस बैठक में टेंडर और ठेकेदारों की नहीं बल्की वास्तविक कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने पानी की पाइप लाईन, प्लेटफॉर्म के निर्माण और कांक्रिट की गुणवक्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। डॉ. अलंग ने बैठक में समीक्षा करते हुए पानी टंकी की निर्माण की गति धीमी होने पर नाराज़गी दिखाई साथ ही धीमे निर्माण के कारणों की समीक्षा कर अधिकारियों को कार्य पूर्ण करने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

संभाग आयुक्त डॉ अलंग ने बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते हुए यह बताया कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य केवल हर घर तक पानी पहुंचना ही नहीं बल्की घरों में जल संग्रहण के आदत को भी खत्म करना है। उन्होंने बैठक में धमतरी ब्लॉक में 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने पर खुशी जाहिर कर अधिकारियों के प्रदर्शन को सराहा। साथ ही दीपावली के पूर्व लक्ष्य को शत् प्रतिशत पूरा कर ब्लॉक के हर घर में नल कनेक्शन उपलब्ध कराने की सफलता को पानी की दीवाली थीम के साथ उत्सव के रूप में मनाने का सुक्षाव दिया। उन्होंने संभाग के सभी जिलों में हर घर नल कनेक्शन पहुंचाने 80 से 90 प्रतिशत पूर्ण हुए कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# नैनो यूरिया लेने किसानों में बढ़ा रुझान, समितियों के माध्यम से किया जा रहा वितरण

**रायपुर।** मानसून के आगमन के साथ ही कोरबा जिले के किसान खेती-किसानी के कार्य में व्यस्त हो गए हैं। जिले में धान सहित अन्य फसल किसान खरीफ सीजन में लेते हैं। शासन द्वारा किसानों को समय पर खाद एवं वर्मी कम्पोस्ट वितरण की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर कोरबा संजीव कुमार झा द्वारा भी अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि जिले के किसानों को समय पर खाद बीज उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उनके द्वारा खाद-बीज वितरण एवं भण्डारण की जानकारी भी लगातार ली जा रही है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कोरबा के नोडल अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद का भण्डारण है।

अधिकारियों ने बताया कि 05 जुलाई की स्थिति में कोरबा जिले के डबल लॉक केन्द्रों में 309 मीट्रिक टन नीम यूरिया भण्डारित है, जिसमें से कटघोरा खाद भण्डारण केन्द्र में 240 मीट्रिक टन एवं उरगा खाद भण्डारण केन्द्र में 70 मीट्रिक टन नीम यूरिया उर्वरक उपलब्ध है। 7 और 8 जुलाई को मेसर्स एन.एफएल. द्वारा अकलतरा रेक प्वाईंट पर लगने वाली नीम यूरिया उर्वरक की रेक से 250 मीट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति की जाएगी। 8 जुलाई को मेसर्स इफको द्वारा बिलासपुर रेक प्वाईंट पर लगने वाली नीम यूरिया उर्वरक की रेक से 100 मीट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति की जाएगी।

जिले के किसानों को समय पर खाद का वितरण किया जा रहा है। यूरिया दानेदार के वैकल्पिक रूप में नैनो यूरिया समितियों में भण्डारित है। इसे प्राप्त करने किसानों द्वारा रूचि भी दिखाई जा रही है। नोडल अधिकारी ने बताया कि खरीफ वर्ष 2023 अंतर्गत कोरबा जिले में 10200 मीट्रिक टन रासायनिक खाद लक्ष्य के विरुद्ध 84 प्रतिशत खाद का भण्डारण 41 सहकारी समितियों में अब तक किया जा चुका है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# आंखों के नीचे काले घेरों से हैं परेशान? ये पोषक तत्व करेंगे मदद



आजकल की खराब जीवनशैली और गलत खान-पान के कारण आंखों के नीचे काले घेरे, महीन रेखाएं और सुस्त त्वचा जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। खासतौर पर महिलाएं इन्हें छिपाने के लिए मेकअप का सहारा लेती हैं, लेकिन लंबे समय में यह त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। इसकी बजाय हमें अपने खान-पान पर ध्यान देना चाहिए और ऐसे पोषक तत्वों से भरपूर सामग्रियों को डाइट में शामिल करना चाहिए, जिससे त्वचा की देखभाल हो सकें।

### विटामिन ए

विटामिन- ए को एंटी-एजिंग विटामिन माना जाता है, जो ढीली त्वचा पर कसाव लाने में मदद करता है। यह पोषक तत्व सूरज की हानिकारक किरणों से त्वचा की देखभाल और सुरक्षा के लिए भी जाना जाता है। इसके अलावा यह झुर्रियों और काले घेरों से राहत दिलाने में मददगार है। इस कारण अपनी डाइट प्लान में लाल, पीली और हरी शिमला मिर्च, आम, पपीता, टमाटर, गाजर और पालक को शामिल करें, क्योंकि ये विटामिन- ए के सबसे अच्छे स्रोत माने जाते हैं।

### विटामिन- सी

विटामिन- सी एंटी-ऑक्सीडेंट है, जो त्वचा में कोलेजन के उत्पादन को बढ़ावा देने में मदद करता है। इससे कोशिकाओं में रक्त और ऑक्सीजन का संचार बेहतर होता है, जिससे त्वचा प्राकृतिक रूप से चमकती है। इससे आंखों के नीचे काले घेरे भी कम हो जाते हैं। इस कारण अपनी डाइट में नींबू, संतरा, आंवला और जामुन जैसे विटामिन-सी युक्त खाद्य पदार्थों को अधिक-से-अधिक शामिल करें। विटामिन-ष्ट की कमी को पूरा करने के लिए इन पेय पदार्थों का सेवन करें।

### विटामिन- ई


आंखों के नीचे लालिमा, झुर्रियां और सूजन से राहत दिलाने के लिए विटामिन- ई एक उत्कृष्ट पोषक तत्व है। यह एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर है, जो किसी भी प्रकार के ऑक्सीडेंटिव तनाव को रोकने में मदद करता है, जिससे काले घेरे होते हैं। इस कारण बादाम, अखरोट, चिया के बीज, अलसी के बीज, सूरजमुखी के बीज और मूंगफली जैसे विटामिन-ई से समृद्ध खाद्य पदार्थों का सेवन करें। विटामिन-ई युक्त अलसी का तेल भी स्वास्थ्य के लिए गुणकारी होता है।

### विटामिन- के

विटामिन- के को एंटी-ऑक्सीडेंट का एक शक्तिशाली स्रोत माना जाता है, जो ऊतक नवीकरण में मदद करता है। इसके अलावा यह त्वचा के पिगमेंटेशन और काले धब्बों को कम करने के लिए भी जाना जाता है। इस पोषक तत्व के लिए अपनी डाइट में पालक, धनिया पत्ती और पुदीने की पत्ती जैसे पत्तेदार सब्जियों को ज्यादा से ज्यादा शामिल करें। आप इन्हें सलाद, स्मूदी, सब्जी या चटनी के रूप में ले सकते हैं।

### आयरन

आंखों के नीचे काले घेरों का मुख्य कारण एनीमिया है। ऐसा तब होता है, जब शरीर में आयरन की कमी हो जाती है और खून का उत्पादन कम होता है। इसके कारण कोशिकाओं में ऑक्सीजन की आपूर्ति धीमी हो जाती है, जिससे आंखों के नीचे की कोमल त्वचा प्रभावित होती है। इस पोषक तत्व के लिए डाइट में दाल, गुड़ और चुकंदर, पालक, मेथी के पत्ते जैसी सब्जियों को शामिल करें।



## इंडियन पुलिस फोर्स में मेरा रोल सरप्राइज पैकेज होगा: ईशा तलवार

जल्द ही रोहित शेट्टी की पहली वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स' में नजर आने वाली एक्ट्रेस ईशा तलवार ने साझा किया है कि उनका किरदार एक सरप्राइज होगा। वेब सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा और शिल्पा शेट्टी भी हैं।

ईशा ने कहा, इंडियन पुलिस फोर्स' स्पेशल है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं रोहित द्वारा बनाई गई कॉप स्टोरीज यूनिवर्स का हिस्सा बनूंगी, जिसके बारे में हर कोई बात करता है और हर कोई एक्टर इसमें शामिल होने की ख्वाहिश रखता है। यह काफी रोमांचकारी है, चूंकि शो उनके ओटीटी निर्देशन की शुरूआत है, मुझे खुशी है कि मैं उस यात्रा का हिस्सा हूं।

एक्ट्रेस ने कहा, मुझे अच्छा लगा कि रोहित सेट पर हीरो हैं! वह कम बोलने वाले व्यक्ति हैं। मैं कॉप यूनिवर्स का हिस्सा हूं लेकिन मेरा रोल एक तरह का सरप्राइज पैकेज होगा। मैं हिंदी सिनेमा में पहली बार इस तरह के अवतार में नजर आऊंगी। सीरीज जल्द ही प्राइम वीडियो पर आएगी।


ईशा का अपकमिंग प्रोजेक्ट मिजार्पुर 3' होगा, जिसमें वह एक राजनेता माधुरी यादव की भूमिका निभा रही हैं। सीजन 3 में वह मुन्ना भैया की पत्नी के रूप में नजर आएंगी। एक्ट्रेस को आखिरी बार सास बहू और फ्लेमिंगो' में देखा गया था, जिसे होमी अदजानिया ने निर्देशित किया है।

# मानसून में इन 5 स्वास्थ्यवर्धक मॉकटेल ड्रिंक्स का करें सेवन, आसान है रेसिपी

मौसम का मिजाज बदल चुका है और मानसून ने दस्तक दे दी है। इस मौसम में शरीर में पानी की कमी होना आम है, लेकिन इसके कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में क्यूं न कुछ ऐसे खास मॉकटेल्स बनाए जाएं, जो स्वादिष्ट होने के साथ-साथ आपको हाइड्रेट रखने में भी मदद कर सकें। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी मॉकटेल ड्रिंक्स की रेसिपी बताते हैं, जिनका सेवन मानसून में फायदेमंद हो सकता है।

### मैंगो डिलाइट

सबसे पहले एक कप आम का गूदा, एक कप नारियल पानी, आधा कप नारियल क्रीम, 3 तुलसी के पत्ते, एक बड़ी चम्मच चीनी और थोड़ी-सी बर्फ को मिक्सी में डालकर अच्छे से पीस लें। अब इस मिश्रण को गिलास में भरे और इस पर आम के कुछ टुकड़े डालें। इसके बाद इस स्वादिष्ट मॉकटेल ड्रिंक को परोसें और खुद भी इसका जायका लें। मॉकटेल ड्रिंक के अलावा आप आम के इन 5 व्यंजनों को भी ट्राई कर सकते हैं।



### कीवी, शहद, सोडा और नींबू के रस की मॉकटेल ड्रिंक

सबसे पहले एक जार में 2 चम्मच नींबू का रस, स्वादानुसार शहद और थोड़ा सोडा पानी मिलाकर नींबू पानी बना लें। अब इस नींबू पानी में 8-10 बारीक कटे कीवी के टुकड़े, 3-4 नींबू के गोल स्लाइस और 4-5 पुदीने की थोड़ी पत्तियां अच्छे से मिलाएं। इसे कम से कम एक से 2 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब तैयार मॉकटेल में बर्फ के टुकड़े डालें और फिर इसका सेवन करें।

### ब्लूबेरी लाइम मॉकटेल

सबसे पहले पानी में डेढ़ कप ताजा ब्लूबेरी, एक बड़ी चम्मच कदूकस किया हुआ अदरक और 4 बड़ी चम्मच चीनी डालकर एक उबाल दिलाए और एक चम्मच से ब्लूबेरी को मैश करें। इसके बाद मिश्रण को ठंडा होने दें, फिर इसे एक कंटेनर में छानकर इसमें नींबू का रस, बर्फ के टुकड़े और कुछ पुदीने की पत्तियां डालें। अब इसे गिलास में डालकर परोसें। घर पर ब्लूबेरी के इन 5 व्यंजनों को बनाना भी आसान है।

### सेब मॉकटेल

सबसे पहले एक जार में 1-2 सेब के गोल टुकड़े, 3-4 नींबू के स्लाइस, थोड़ा दालचीनी पुडर और स्टार एनीज डालें। अब इसमें थोड़ा सेब का जूस, नींबू का रस और शहद डालकर अच्छी तरह मिलाएं और एक घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इसके बाद ड्रिंक को गिलास में कुछ बर्फ के टुकड़े डालें। इसके बाद इसमें थोड़ा क्लब सोडा समेत सेब के टुकड़ों डालकर इसे परोसें।

### संतरे के जूस और पुदीने की मॉकटेल ड्रिंक

इस मॉकटेल ड्रिंक को बनाने के लिए सबसे पहले एक जार में 2 कप संतरे का जूस, एक चौथाई कप नींबू का रस, एक चौथाई कप पानी और 2-3 बड़ी चम्मच चीनी मिलाएं। जब चीनी अच्छी तरह घुल जाए तो इसमें थोड़ा सोडा, पुदीने की कुछ पत्तियां और कुछ बर्फ के टुकड़े डालें। अब इस मॉकटेल को गिलास में डालकर परोसें और खुद भी पीएं। यकीनन यह आपके घर में सभी को पसंद आएगी।

# यूएस-यूके के टूर के लिए तैयार वाणी कपूर कहा- भारत के लिए परफॉर्म करना गर्व की बात

बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर दो ग्लोबल टूर की तैयारी कर रही हैं। इसमें तीन हफ्ते की अमेरिकी ट्रिप और यूके में कॉन्सर्ट शामिल हैं, जहां वह ऋतिक रोशन के साथ परफॉर्म करेंगी।

उन्होंने कहा, यह मेरे लिए बेहतरीन साल रहा है क्योंकि मैंने इस साल की शुरुआत में अपना पहला यूएसए दौरा किया था, अब मैं अपने को-स्टार ऋतिक रोशन के साथ यूके टूर कर रही हूं।

उन्होंने आगे कहा, मैं इंडियन आर्टिस्ट कम्युनिटी की प्राउड मेंबर हूं। मैं दुनिया के सामने भारत के लिए बेस्ट परफॉर्म करने की इच्छा रखती हूं। इसलिए, मैं हमेशा ग्लोबल टूर के लिए तैयार रहती हूं, जहां मैं अपनी पसंदीदा हिंदी फिल्मों और उनके म्यूजिक को ऑडियंस तक पहुंचा सकूं।

एक्ट्रेस के अलावा वाणी कपूर डांसर भी हैं, उन्होंने घुंघरू, नशे सी चढ़ गई, उड़े, दिल बेफिक्रे जैसे अपने चार्ट-बस्टिंग सॉन्स के माध्यम से बॉलीवुड के बेस्ट डांसर्स में से एक के रूप में



अपनी स्थिति मजबूत की है।

स्टेज पर परफॉर्म करने के अपने शौक के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मुझे हमेशा अपनी फिल्मों के जरिए या स्टेज इवेंट्स के जरिए परफॉर्म करना और दर्शकों का मनोरंजन करना पसंद है। मैं हमेशा स्क्रीन पर या स्टेज पर अपना 100 प्रतिशत देना चाहती हूं और मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे अपने प्रयासों के लिए बहुत सारा प्यार मिला।

एक्ट्रेस-डांसर ने कहा कि वह भाग्यशाली रही हैं कि उन्हें अपने करियर में अच्छे गाने मिले। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि उनके दुनिया भर में वायरल हिट उन्हें दर्शकों के साथ जल्दी जुड़ने में मदद करते हैं क्योंकि उनके कई गाने आमतौर पर भारतीय और दक्षिण एशिया में हिट हैं।

उन्होंने कहा, ये गाने ग्लोबल लेवल पर वायरल हुए, ये तब फायदेमंद होता है जब आप इंटरनेशनल टूर करते हैं, क्योंकि इन गानों के बोल लोगों को याद होते है और लोग दिल खोलकर नाचने लगते हैं।

## ग्रीन ट्रांसपेरेंट साड़ी में अपने लुक से मौनी रॉय ने मचाई खलबली
# खुली जुल्फों से फैंस की यूं उड़ाई नींदें

37 वर्षीय एक्ट्रेस मौनी रॉय अपने लेटेस्ट लुक को लेकर इन दिनों सुर्खियां बटोर रही हैं। हाल ही में मौनी रॉय ने अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिसमें वह ग्रीन ट्रांसपेरेंट साड़ी में नजर आ रही है। साड़ी लुक में हॉट एंड ब्यूटीफुल एक्ट्रेस मौनी रॉय ने खलबली मचा दी है। हालिया तस्वीरों में मौनी रॉय ने अपनी खुली जुल्फों से फैंस की नींदें तक उड़ा दी है और उनकी ये तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रहा है। 37 वर्षीय एक्ट्रेस मौनी रॉय एक्टिंग के साथ-साथ अपने स्टाइलिश लुक्स को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। टीवी की दुनिया से लेकर बॉलीवुड तक मौनी रॉय ने अपने हॉट एंड ब्यूटीफुल लुक से एक बार फिर खलबली मचा दी है। हाल ही में एक्ट्रेस मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खूबसूरत लुक के साथ तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्में देखकर फैंस के होश तक उड़ गए। इन तस्वीरों में फैंस को मौनी रॉय का अंदाज बेहद पसंद आ रहा है और वो उनके लुक की जमकर तारीफ करते नजर आ रहे हैं। मौनी रॉय ने जो लेटेस्ट फोटोशूट कराया है उसमें वो ग्रीन एम्ब्रॉयडी वर्क की ट्रांसपेरेंट साड़ी में बला की खूबसूरत नजर आ रहीं हैं। ग्रीन साड़ी मे अप्सरा सी खूबसूरत लग रही मौनी रॉय कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज देती हुई नजर आईं। एक्ट्रेस इन तस्वीरों में आंखें बंद करके अपनी जुल्फें संवार रही हैं, मौनी की इस ब्यूटी को देखकर फैंस अपना दिल हार बैठे। कजरारी आंखें...साड़ी का लहराता पल्लू के साथ सिंपल लुक्स में मौनी रॉय ने कुछ यूं लूटी ली महफिल। मौनी रॉय ने स्लीवलेस ब्लाउज, खुली जुल्फों और मिनिमल मेकअप में बेहद ह किलर लुक दे रही हैं। मौनी रॉय ग्रीम शिमरी साड़ी में इतनी हसीन लग रही हैं, उनकी तस्वीरों को देखकर आप भी अपना दिल हार जाएंगे।





## जियो सिनेमा पर होगा नीना गुप्ता की इश्क-ए-नादान का प्रीमियर, रिलीज तारीख भी आई सामने

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री नीना गुप्ता को इन दिनों लस्ट स्टोरी 2 में देखा जा रहा है। फिल्म में उनकी अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। आने वाले दिनों में नीना इश्क-ए-नादान में नजर आएंगी। यह फिल्म सीधा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। अब निर्माताओं ने इसकी रिलीज तारीख का भी ऐलान कर दिया है। इश्क-ए-नादान का प्रीमियर 14 जुलाई से जियो सिनेमा पर किया जाएगा।

इश्क-ए-नादान का पहला पोस्टर भी सामने आ चुका है, जिसमें नीना समेत सभी कलाकारों की झलक देखने को मिल रही है। जियो स्टूडियो ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर इश्क-ए-नादान का पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, अब हर हवा के झोंके में होगी एक नई प्यार की कहानी। देखिए सपनों के शहर की अनोखी प्रेम कहानियां। इश्क-ए-नादान में मोहित रैना, लारा दत्ता भूपति, श्रिया पिलगांवकर, सुहैल नैय्यर और कंवलजीत सिंह भी हैं।

# ब्लैक आउटफिट में गजब की बला लग रहीं भूमि पेडनेकर



एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर आज बॉलीवुड इंडस्ट्री का एक जाना माना नाम हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर ग्लैमर का ऐसा तड़का लगाती हैं। जो अच्छे अच्छे के पसीने छुड़ा दे। वहीं, एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देखकर फैंस बेताब हो रहे हैं। ब्लैक कलर की थाई हाई स्लिट आउटफिट में एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर बेहद ही स्टाइलिश लग रही हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब कर रही हैं।

ओपन हेयर स्टाइल और हाई हील्स के साथ एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने बेहद ही कूल तस्वीरें क्लिक करवाई, जो फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। लेटेस्ट तस्वीरों पर एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अपनी बैक फ्लॉन्ट कर रही हैं। वहीं, फैंस उनकी तस्वीरों पर बेशुमार प्यार लुटा रहे हैं। एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने बोल्ड मेकअप के साथ अपनी दिलकश अदाओं से फैंस पर कहर बरपा रही हैं। एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस पर बिजलियां गिरा रही हैं। एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर को इस ग्लैमरस अंदाज में देखकर फैंस उनकी तारीफ करके नहीं थक रहे हैं। भूमि इस आउटफिट में अपनी हॉटनेस से हर किसी को बेताब कर रही हैं। शुरूआती ज्यादा बढ़े हुए वजन के साथ एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपना कई कई किलो वजन कम किया है। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर के 7.3 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### पशुओं को गलघोंटू रोग से बचाव के लिए लगवाएं टीका

**महासमुंद।** वर्षा ऋतु के पहले ही गौवंशीय व भैंस वंशीय पशुओं में गलघोटू व एक टंगिया बीमारी से बचाव के लिए जिले में सघन टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस आशय की जानकारी देते हुए उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा डॉ. आर.एस. पांडे ने बताया कि गलघोटू व एक टंगिया जीवाणु जनित बीमारी है, जो पाश्चुरेला मल्टोसीडा नामक जीवाणु से होती है। उन्होंने बताया कि ज़िले के ख़ास कर ग्रामीण क्षेत्र में पिछले माह से इस बीमारी की रोकथाम के लिए नि:शुल्क पशु चिकित्सा सह केसीसी शिविर एवं गलघोटू एक टांगिया बीमारी के रोकथाम हेतु टीकाकरण कार्य संपादित किया जा रहा है। ग्राम जोबा में मंगलवार 4 जुलाई को लगाए गए शिविर में 438 पशुओं का टीकाकरण तथा पशु उपचार 36, औषधि वितरण 134, कृमि नाशक दवा पान 77, मिनरल मिक्सर वितरण 5 पशुओं का किया गया। पशुपालन के लिए किसान क्रेडिट कार्ड हेतु फार्म का वितरण किया गया। पशुपालकों को पशुपालन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने प्रोत्साहित किया गया। उक्त शिविर में चल चिकित्सा इकाई महासमुंद से डॉ. यादव, पशु चिकित्सालय तुमगांव से डॉ. चंद्राकर व औषधालय जोबा के समस्त मैदानी अमले उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि गलघोंटू बीमारी में पशुओं को तेज बुखार, आंखों में सूजन तथा गले में संक्रमण व सूजन के कारण घर्र-घर्र की आवाज आती है, सांस लेने में तकलीफहोती है, लार बहने लगता है। इसी प्रकार एक टांगिया बीमारी में बुखार व जांघ के मांसपेशी में दर्द युक्त सूजन होता है, जिसमे चर्र-चर्र की आवाज आती है। इससे जानवर को चलने में परेशानी होती है। एक टंगिया रोग में चार माह से दो वर्ष तक के युवा पशु सबसे अधिक संवेदनशील होते है तथा गलघोटू का टीकाकरण चार माह से ऊपर के सभी उम्र के पशुओं में लगाया जाता है।

### छत्तीसगढ़ जूनियर बालिका हॉकी टीम ने मेजबान ओडिशा को शूटआउट में 4-2 से पराजित किया

**राजनांदगांव।** हॉकी इंडिया द्वारा दिनांक 27 जून से 07 जुलाई 2023 तक राउरकेला में आयोजित कि जा रही 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर बालिका राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में रोमांच से भरपूर खेले गए मैच में छत्तीसगढ़ ने खिताब की प्रबल दावेदार मेजबान ओडिशा को शूटआउट में 2-4 गोल से पछाड़ते हुए पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई। शुरुआती दौर से ही छत्तीसगढ़ की टीम अटेक पारी खेलते हुए मैच कबपहले ही मिनट में टीम की गीता यादव ने गोल करते हुए 1 गोल से अपनी टीम को बढ़त दिलाई ही थी कि मैच के चौथे मिनट में फिर से गीता यादव ने अपने शानदार खेल का परिचय देते हुए दूसरा गोल कर ओडिशा टीम को उनके ही होम ग्राउंड में पछाड़ रही थी। जिसके मुकाबले ओडिशा के खिलाड़ियों ने भी अपने दमखम दिखाते वापसी करते हुए मैच के 12वे मिनट में प्रतिभा एक्का और सुरेखा बरला ने लगातार 2 गोल करते हुए 2-2की बराबरी कर ली दोनों ही टीम बड़े ही सुझबुझ के साथ खेलते नज़र आ रही थी। मैच में दोनों ही टीम गोल दागने के प्रयास में एक दूसरे के डी अटेक करते नज़र आई किन्तु मैच के मध्यन्तर तक दोनों ही टीमो को किसी प्रकार की सफलता हासिल नही हुई और मैच के मध्यन्तर तक दोनों टीम 2-2 के बराबरी पर रही मध्यन्तर पश्चात छत्तीसगढ़ टीम के मोनिका तिर्की ने मैच 34वे मिनट में गोल करते हुए 2 के मुकाबले 3 गोल की बढ़त बनाई थी। किन्तु ये बढ़त ज्यादा टाइम तक नही रह पाई और मैच के 37वे मिनट में ओडिशा के असीमा राउत ने गोल करते हुए 3-3 का स्कोर ला खड़ा किया।

# बच्चों से भविष्य से जुड़ा है स्कूल मरम्मत कार्य शेष कार्यों को प्राथमिकता से करें पूर्ण-कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायगढ़। बच्चों का भविष्य उनके पढ़ाई-लिखाई से बनती है। जिसका हमें पूरी प्राथमिकता से ध्यान देना जरूरी है। नये सत्र में स्कूल शुरू हो चुके है। लेकिन कुछ जगहों पर आज भी स्कूल मरम्मत के कार्य अधूरे पड़े है जो कि अच्छी बात नहीं है। बच्चों के पढ़ाई से बड़ा कोई काम नहीं है, मरम्मत कार्य के चलते उनके अध्ययन-अध्यापन में कोई नुकसान नहीं होना चाहिए। इसका विशेष ध्यान रखते हुए प्राथमिकता के साथ सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करें। लापरवाही पाये जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।



उक्त बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने स्कूल में चल मरम्मत कार्य को देखने पहुंचे निरीक्षण के दौरान कही। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव भी साथ उपस्थित रहे।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा विकासखण्ड घरघोड़ा एवं तमनार के दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने स्कूल, कन्या आश्रम छात्रावास, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को देखा एवं संबंधित ठेकेदारों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने प्राथमिक शाला बैहामुड़ा का निरीक्षण किया। उन्होंने आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर यहां मतदान केंद्र के लिहाज से सभी तैयारियां सुनिश्चित करने एवं टायलेट को बेहतर करने हेतु ठेकेदार को निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला विद्यालय घरघोड़ा का निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार को शेष मरम्मत कार्य को 30 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लैब, लाइब्रेरी एवं शौचालय को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्कूली बच्चों के लिए ठेकेदार को बुक दान करने को कहा। कलेक्टर श्री सिन्हा ने शासकीय प्राथमिक शाला सराईपाली का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिन्हा ठेकेदार को कल से कार्य प्रारंभ करते हुए आगामी 2 से 3 माह में मरम्मत का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरपंच से समिति गठित कर कार्यों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य गुणवत्ता पूर्ण होनी चाहिए। इस दौरान यहां उन्होंने निर्वाचन के संबंध में भी चर्चा किए।

कलेक्टर सिन्हा आंगन बाड़ी केंद्र नवापारा (टेण्डा) का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कुपोषित बच्चों की जानकारी ली। कार्यकर्ता ने बताया कि 3 बच्चे कुपोषित हैं, कलेक्टर श्री सिन्हा ने उन्हें अंडा, सुपोषण आहार प्रदान करने के साथ ही उन्हें एनआरसी में भर्ती करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरपंच एवं कार्यकर्ता को बच्चों के गृह भेंट कर परिजनों का काउंसलिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमें सुपोषण आहार के माध्यम से तीनों बच्चों को सुपोषित करना हैं। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी में रेडी टू ईट से बने लड्डू को चखा।

कलेक्टर सिन्हा घरघोड़ा के बैहामुडा में चले रहे जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने हितग्राही श्रीमती गुरबारी सारथी से बात की। उन्होंने बताया की दो टाइम पानी आता है। उन्होंने पीएचई अधिकारी को जल जीवन मिशन के लंबित सभी कार्य को पूर्ण करते हुए व्यवस्थाएं ठीक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने विकासखंड तमनार के ग्राम पंचायत सराईपाली में जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल के तहत किए गए कार्यों का निरीक्षण किया एवं जानकारी ली। ठेकेदार ने बताया कि 375 घरों में पेयजल नल कनेक्शन दिया गया है, वाटर लेवल कम होने के कारण कुछ दिक्कतें हो रही थी। कलेक्टर श्री सिन्हा ने सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव में भू-जल स्तर सुधार हेतु कार्य करने के निर्देश दिए ताकि गर्मी में जल की समस्या न हो।

कलेक्टर श्री सिन्हा सहकारी समिति नवापारा (टेण्डा) पहुंचे। उन्होंने वहां कृषक बोध राम गुप्ता से खाद के संबंध में जानकारी ली। कृषक ने बताया कि वे यहां राखड़, यूरिया एवं डीएपी लेने आया था। उन्होंने खुशी-खुशी बताया कि समिति में किसी प्रकार की समस्या नहीं है। इस दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ने वर्मी भंडारण की स्थिति की जानकारी ली।

# नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प लें- केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर




श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर दुर्ग।** गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा नशा मुक्त समाज आंदोलन- अभियान कौशल का के अंतर्गत युवाओं में शराब की लत और नशीली पदार्थों के दुरुपयोग पर जागरूकता विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मंचस्थ अतिथियों में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य के राज्य मंत्री कौशल किशोर , विशिष्ट अतिथि अक्षत कांत, राष्ट्रीय संयोजक, नशा मुक्त समाज आंदोलन- अभियान कौशल का रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने की। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि कौशल किशोर जी ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में विश्वविद्यालय के सकारात्मक प्रयासों के लिए कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रो. चक्रवाल विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर तथा विश्वविद्यालय को आदर्श विश्वविद्यालय बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील हैं। इसमें विद्यार्थियों के सकारात्मक सहयोग एवं योगदान की आवश्यकता है।

कौशल किशोर ने नशा मुक्त भारत बनाने के लिए सभी लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलायी। साथ ही युवाओं को आव्हान किया कि नशा करने वाले से भी दूरी बनाये। उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं से आग्रह किया कि ऐसे युवाओं से विवाह न करें जो किसी भी प्रकार का नशा करते हों। हमारी सभी बहनें अपने परिवार एवं संबंधियों में भी रक्षाबंधन एवं भैया दूज के अवसर पर भाइयों से उपहार स्वरूप नशा न करने का वचन लें।

केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर ने विश्वविद्यालय में प्रारंभ हुई स्वाभिमान थाली योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि नशा मुक्त समाज आंदोलन- अभियान कौशल का में उन्होंने नशे की वजह से निराश्रित हुए परिवारों के लिए भी यह योजना लागू करने का निश्चय प्रकट किया। उन्होंने आगाह किया कि नशीली दवाओं के तस्कर हमेशा नशा करने वालों की तलाश में रहते हैं तथा स्वयं नशा नहीं करते हैं ।

# चिटफंड कंपनी के निवेशकों को धनराशि वापस दिलाने जिला प्रशासन सतत् प्रयासरत

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। प्रदेश सरकार की मंशानुसार जिले में चिटफण्ड कंपनी के निवेशकों की धनराशि वापस दिलाने हेतु जिला प्रशासन सतत् प्रयासरत् है। ठगी करने वाली चिटफंड कंपनियों के विरुद्ध निरंतर कठोर कार्रवाई एवं उनकी सम्पत्तियों को कुर्क कर निवेशकों को राशि वापस की जा रही है। कोरबा तहसील के ग्राम कोरबा में बी. एन. गोल्ड रियल स्टेट एण्ड एलाइड लिमिटेड की पटवारी हल्का नंबर-16 में स्थित भूमि जिसका कुल खसरा नंबर 188/1/क/1 है।

उक्त स्थित भूखण्ड 16 एवं 16बी में निर्मित दुकानों के अंतर्गत दुकान क्रमांक 16 जिसका क्षेत्रफल 23'11''म 12'08'' वर्गफीट एवं दुकान कमांक 17 क्षेत्रफल 24'0''म13'02'' वर्गफीट है। इन दुकानों को विशेष न्यायाधीश (सीजीपीडीआई) कोरबा के दाण्डिक एम.जे.सी. क्रमांक 21/2022 में 15 नवंबर 2022 को पारित आदेश के अनुसार अत्यांतिक आदेश पारित किया गया है। जिसके फलस्वरूप जिला दण्डाधिकारी एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा 21 नवंबर 2022 को आदेश पारित कर तहसीलदार कोरबा को आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित किया गया। तहसीलदार कोरबा द्वारा उक्त भूखण्ड की 17 लाख 81 हजार रूपए में नीलामी की कार्यवाही पूर्ण की गई है। नीलामी की राशि को निर्देशानुसार हितग्राहियों को वितरित किया जाना है।

तहसीलों से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त कंपनी में जिले के 2394 निवेशकों द्वारा राशि निवेशित की गई है। जिसके निवेशकों को भुगतान की कार्यवाही किया जाना है। इसी प्रकार सर्वमंगला प्रापर्टी इंडिया लिमिटेड के निवेशकों को राशि वितरित किया जाना है।

अपर कलेक्टर ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को बी. एन. गोल्ड रियल स्टेट एण्ड एलाइड एवं सर्वमंगला प्रापर्टीज इंडिया लिमिटेड के निवेशकों की आवश्यक जानकारी आगामी 03 दिवस के भीतर प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। जिसके अंतर्गत निवेशकों की कंपनी में निवेश किए जाने संबंधी मूल बाण्ड पेपर व निर्देशित राशि का मूल रसीद पत्र, आधार कार्ड की सत्यापित प्रतिलिपि, बैंक खाता क्रमांक व आईएफएससी कोड, पासबुक मुख्य पृष्ठ की सत्यापित प्रति एवं मोबाईल नंबर शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से बेहतर शिक्षा व्यवस्थाओं का हो रहा विस्तार-मो. अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** वन,परिवहन, आवास पर्यावरण, विधि विधायी एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम बोदा-47, उसरवाही, लोहारीडीह में नवनिर्मित नवीन प्राथमिक शाला भवन का विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया। मंत्री श्री अकबर ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को नए भवन की बधाई एवं शुभाकामनाएं दी।




मंत्री श्री अकबर ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के लिए शासन लगातार कार्य कर रही है। इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है। केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत अब राज्य के स्कूल संवारने लगा है। जिले में योजना अंतर्गत शाला भवन मरम्मत नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य के साथ अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूल के निर्माण से बच्चों को शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण मिलने लगा है। इस अवसर पर कृषक कल्याण परिषद के सदस्य भगवान सिंह पटेल, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्षचोवा साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि होरी साहू, बोड़ला जनपद उपाध्यक्ष सनत जायसवाल सहित सबंधित ग्राम पंचायत के पंच-सरपंचगण, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारीगण, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य सहित अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

केबिनेट मंत्री अकबर ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिससे जीवन में सफलता मिलती है। सुदूर वनांचल क्षेत्रों में नवीन स्कूल भवन निर्माण होने से शिक्षा का आधार मजबूत होगा। बच्चों के शिक्षा से जुड़ने से क्षेत्र का विकास होगा। साथ ही आने वाले पीढ़ी शिक्षा के महत्व को समझेगें और पढ़ाई के प्रति रूचि लेते हुए शिक्षा से जुड़ेगे। उन्होंने कहा कि सुदूर वनांचल क्षेत्रों में शिक्षा को पहचानने के लिए शासन वहां स्कूल का निर्माण कर रही है। जिसका मुख्य लक्ष्य प्रत्येक बच्चों के शिक्षा से जोड़ना है। शासन शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध हो सके इसके लिए नवीन स्कूल भवनों का निर्माण और जीर्णोद्धार किया जा रहा है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी सुविधा मुहैया कराई जा रही है। शिक्षा के अधिकार के तहत नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है।

मंत्री अकबर ने बताया कि अंग्रेजी में शिक्षा उपलब्ध कराने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए गए हैं। अब कबीरधाम जिले में 06 से बढ़कर 11 स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित किए जा रहे है, जिसमें 08 अंग्रेजी माध्यम और 03 हिन्दी माध्यम स्कूल है।

# मैदानी अधिकारियों को यू-विन और मिशन इंद्रधनुष की दी गई जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण के लिए भारत सरकार द्वारा तैयार यू-विन डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग के बारे में जिलों में पदस्थ स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।




राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रतिभागियों को मिशन इंद्रधनुष 5.0 (Intensified Mission Indradhanush) की भी जानकारी दी गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक श्री भोसकर विलास संदिपान, राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. वी.आर. भगत तथा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यशाला में शामिल हुए। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली में टीकाकरण के उप संचालक तथा यूएनपीडी के टीम लीडर ने कार्यशाला में ऑनलाइन भागीदारी कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बताया गया कि राज्य में मिशन इंद्रधनुष 5.0 तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा जिसमें सभी छूटे हुए बच्चो का सर्वे एवं चिन्हांकन कर यू-विन प्लेटफॉर्म में पंजीकृत कर टीकाकरण किया जाएगा। पहला चरण 7 अगस्त से 12 अगस्त तक, दूसरा चरण 11 सितम्बर से 16 सितम्बर तक और तीसरा चरण 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण के लिए यू-विन डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है।

इसके माध्यम से लाभार्थियों का नेम बेस्ड ट्रैकिंग किया जा सकता है। इससे सभी बच्चों को समय पर टीका लगाने में सहायता मिलेगी। इस प्लेटफॉर्म से लेफ्ट-आउट एवं ड्रॉप-आउट बच्चों की संख्या को कम किया जा सकता है। यू-विन के माध्यम से टीकाकरण के तुरंत बाद डिजिटल सर्टिफिक्रेट भी जारी हो जाता है।

## NOTICE

**Notice of Amendment in Partnership**

**PUBLIC NOTICE is hereby given to inform that, Mr. Dharmraj Sharma, Mrs. Suman Sharma and Pankaj Sharma& Nikhil Sharma being partners of "M/S Vibhuti Infrastructure" And Mr. Vijay Kumar Sahu decided to taking retirement from the firm.**

**This is for information to general public that on 01stday of March2023, Pankaj Sharma and Nikhil Sharma has admitted into the Partnership Firm.**

## NOTICE

**Notice of Amendment in Partnership**

**PUBLIC NOTICE is hereby given to inform that, Mr. Dharmraj Sharma and Pankaj Sharma& Nikhil Sharma being partners of "M/S Shri Anant Constructions" And Mr. Vijay Kumar Sahu decided to taking retirement from the firm.**

**This is for information to general public that on 01stday of March2023, Pankaj Sharma and Nikhil Sharma has admitted into the Partnership Firm.**

### निजी क्षेत्र के नियोजकों में 530 पदों की पूर्ति के लिए 8 को लगेगा प्लेसमेंट कैम्प

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्थानीय आईटीआई सेंटर में मेगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा जहां पांच निजी फर्मों में रिक्त 530 पदों के विरूद्ध अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन आगामी 08 जुलाई को सुबह 10 बजे से शासकीय आईटीआई सारंगढ़ में किया जाएगा, जिसमें इच्छुक एवं पात्र युवतियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कैम्प का लाभ लेने की अपील की गई है। इस संबंध में बताया गया है कि कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर के 50 पद, सिक्योरिटी गॉर्ड के 150 और फील्ड स्टाफ के 50 रिक्त पदों के विरूद्ध योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।


















## खास-खबर

### कारोबारी महिला को लिंक भेजकर तीन किस्तों में निकाले 97 हजार

**बिलासपुर ( ए )।** बोरवेल पंप दुकान संचालिका से सामान खरीदने का झांसा देकर फोन करने वाले ने ऑनलाइन 97 हजार 239 रुपए की ठगी कर ली। ठग ने ऑर्डर देने के बाद दुकान के कर्मचारी को तोरवा स्थित केंद्रीय विद्यालय के पास बुलाया और फिर पेमेंट करने के नाम पर लिंक संचालिका के मोबाइल पर लिंक भेजा। इसी के जरिए उसने ठगी को अंजाम दिया। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। जूनी लाइन बालाराम अग्रवाल मार्ग निवासी काव्या बुधिया पिता मयंक बुधिया (26) जूनी लाइन बोरवेल पंप दुकान संचालित करती हैं। 17 जून को उनके मोबाइल पर अनजान व्यक्ति ने फोन कर बोरवेल पंप खरीदने का ऑर्डर दिया। सामान तोरवा के केवी विद्यालय में लाने के लिए कहा। 19 जून को काव्या ने दुकान के कर्मचारी अश्वनी यादव को सुबह 11.30 बजे समान लेकर केंद्रीय विद्यालय भेजा। मोबाइल धारक ने कहा कि वह समान का पेमेंट ऑनलाइन करेगा। उसने पैसे डबल क्रेडिट होने का झांसा देकर पेटीएम से पैसे भेजने के लिए कहा। अकाउंट में 38620 जमा कराया। इसके बाद पैसा नहीं आया तो मोबाइल धारक ने एक और कोशिश करने के लिए कहा। दुकान संचालिका ने दोबारा उसी लिंक से 38620 रुपए ट्रांसफर कर दिया। मोबाइल धारक ने 19999 रुपए भेजने का फिर से लिंक भेजा तो वह फिर से ट्रांसफर की। पेटीएम में पैसा वापस नहीं आने पर उसे ठगी का अहसास हुआ पर तब तक उसके खाता से 97 हजार 239 रुपए की ठगी हो चुकी थी।

### मकान खाली करने के बजाय किराएदार ने फर्जी एग्रीमेंट तैयार कराया, गिरफ्तार

**बिलासपुर ( ए )।** मकान खाली करने के बजाए किराएदार ने फर्जी एग्रीमेंट तैयार करा लिया। बाद इसके सहारे लगाई गई याचिका कोर्ट ने खारिज कर दिया। एफआईआर के आधार पर पुलिस ने आरोपी को धोखाधड़ी के केस में गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

सक्ती निवासी अशोक कुमार अग्रवाल की पत्नी व बेटे के नाम पर तालापारा, मगरपारा में मकान है। इसे उन्होंने बालकिशन शर्मा की पत्नी सावित्री शर्मा को 1 मई 2004 को 11 माह के किराए पर दिया था। एग्रीमेंट खत्म होने के बाद उन्होंने मकान खाली नही किया और मकान मालकिन सरिता देवी को धमकाना शुरू किया। इस बीच 30 मार्च 2007 को सरिता देवी व उनके बेटे मनीष कुमार के मुख्तयार अशोक कुमार अग्रवाल के नाम से फर्जी इकरारनामा तैयार करा लिया। अशोक कुमार ने मकान खाली करवाने जिला कोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट ने 13 नवंबर 2014 को दो माह के भीतर मकान खाली करने का निर्णय पारित किया। कोर्ट में चल रहे प्रकरण के बीच बाल किशन शर्मा ने कूटरचित फर्जी इकरारनामा की कॉपी पेश की। अशोक कुमार ने संबंधित नोटरी अफसर व गवाहों से मिलकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली तब फर्जी हस्ताक्षर के जरिए इकरारनामा करने की जानकारी मिली। उन्होंने रायपुर में हस्तलिपि विशेषज्ञ से इकरारनामा की जांच करवाई ,तो वह फर्जी निकला।

# फर्जी ईडी अफसर बनकर चावल कारोबारी से ठगी, महाराष्ट्र से गिरफ्तार हुए 9 आरोपी

## हाईप्रोफाइल मामले का एसपी शलभ सिन्हा ने किया खुलासा, सवा करोड़ रुपए व लाखों के जेवर बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में दुर्ग के चावल कारोबारी से ईडी का अफसर बनकर ठगी के मामले में पुलिस ने महाराष्ट्र से पति पत्नी सहित नौ आरोपियों गिरफ्तार कर लिया है। इस हाईप्रोफाइल धोखाधड़ी केस के तीन आरोपी अभी भी फरार चल रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों से 1.25 करोड़ रुपये बरामद किए हैं। इसके अलावा दो कार भी जब्त की है। आरोपियों ने ठगी की रकम से सवा लाख रुपये का तो परफ्यूम ही खरीद लिया था। इसके साथ गहने और बुलेट भी खरीदी। आरोपियों ने करीब सात दिन पहले कारोबारी से दो करोड़ रुपए ठगे थे।

एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि चावल व्यापारी ठगी करने के बाद सभी आरोपियों ने रुपये का आपस में बंटवारा कर लिया था। इसमें से आरोपियों ने 2 लाख 20 हजार के जेवरात, बुलेट बाइक और 1 लाख 20 हजार का परफ्यूम समेत अन्य सामान खरीदा है। इस सारे सामान को बरामद कर लिया गया है। तीन आरोपी अभी भी फरार हैं। उन्हें पकड़ने के लिए टीम को गुजरात भेजा गया है। पुलिस ने आरोपियों से कुल नगदी रकम 1 करोड 25 लाख 16 हजार रुपए, 2 लाख 19 हजार रुपए की सोने की ज्वेलरी, विभिन्न कंपनियों के 10 एण्ड्रायड एवं की-पैड मोबाईल फोन, 1 लाख 20 हजार रुपए का परफ्यूम एवं अन्य सामान, ईडी - सीबीआई के अधिकारी के पदनाम का फर्जी आइडेंटिटी कार्ड बारामद किया है।



### मनी लॉन्ड्रिंग के केस में फंसाने की धमकी देकर ले गए थे रुपए

मोहन नगर थाना क्षेत्र पारख कॉम्प्लेक्स में चावल कारोबारी विनीत गुप्ता का ऑफिस है। इसी दफ्तर में के 27 जून की दोपहर स्कार्पियो गाड़ी से छह लोग पहुंचे। उन्होंने ही ऑफिस का दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद अफसर बनकर आए लोगों ने कारोबारी को डांटा कि वह टैक्स की चोरी करते हैं। आरोपियों ने विनीत को मनी लांड्रिंग के केस में जेल भेज की धमकी दी। साथ ही ईडी का आई कार्ड दिखाकर दो करोड़ रुपये सहित व्यापारी को भी अपनी गाड़ी में बिठा लिया। इसके बाद रास्ते में उसे उतारकर रकम लेकर भाग निकले।

### होटल से मिले आधार कार्ड से आरोपियों तक पहुंची पुलिस

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। इस दौरान मालवीय नगर चौक स्थित एवलॉन होटल में गिरीश वालेचा नामके व्यक्ति का वारदात से एक दिन पहले आकर रुकने का पता चला। पुलिस को वहां से गिरीश का आधार कार्ड भी मिला। उसकी जानकारी जुटाई तो सामने आया कि गिरीश वालेचा ने सितंबर 2022 को खुद को सीआईडी ऑफिसर बताकर गोरेगांव मुंबई में ठगी की थी। इस पर पुलिस ने गोरगांव पुलिस से संपर्क किया और गिरीश की फोटो का मिलान कराया।

### मुंबई पुलिस ने की तीन आरोपियों की पहचान

गोरेगांव पुलिस ने गिरीश के साथ उसके तीन अन्य साथियों की भी पहचान की। इसके बाद दुर्ग पुलिस ने मुंबई में गिरीश वालेचा को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसकी पत्नी नगमा अंसारी की भी मिलीभगत सामने आई। इसके अलावा आरोपी अब्दुल हमीद, श्रीधर पिल्ले, जीवा आहिर, रोहित पाठक, मंगल पटेल, कृष्णा श्रीमाला, किशोर चौबल, नासिक के संजय आईरे, राशिद, शाहिद और हासिम के शामिल होने का पता चला। पुलिस ने इनमें से नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अभी राशिद, शाहिद और हासिम फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल स्कार्पियो, आर्टिगा गाड़ी, जेवरात, बैंक पासबुक, मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद किया है।

### कार्रवाई में इन पुलिस कर्मियों की भूमिका रही अहम

इस पूरी कार्रवाई में एसीसीयू से एएसआई शमित मिश्रा, चंद्रशेखर सोनी, पूर्ण बहादुर, प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर बंजीर, आरक्षक प्रदीप सिंह ठाकुर, धीरेन्द्र यादव, नितिन सिंह, विक्रान्त कुमार, पंकज चतुर्वेदी, राजकुमार चंद्रा, चित्रसेन साहू, शाहबाज खान, पन्ने लाल, रिंकू सोनी, जगजीत सिंह, जावेद हुसैन, अभय राय, निखिल साहू, महिला आरक्षक आरती सिंह सिविल टीम दुर्ग से आरक्षक जावेद खान, गौर सिंह एवं थाना मोहन नगर से एएसआई प्रमोद सिंह, प्रधान आरक्षक शहीद खान, मनीष अग्निहोत्री, आरक्षक देवव्रत ठाकुर की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# बलरामपुर में विधवा महिला की हत्या, शराब के नशे में हैवान बने युवक, कुल्हाड़ी से किया वार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में विधवा महिला की हत्या का मामला सामने आया है। दो युवकों ने पहले विधवा महिला से रजामंदी के बाद संबंध बनाए और उसके बाद तीनों ने एक साथ बैठकर शराब की। शराब के नशे में महिला से दोनों ने जबरदस्ती करना शुरू किया। इसबार महिला ने विरोध किया तो नशे में हैवान बने युवकों ने कुल्हाड़ी मारकर महिला की हत्या कर दी। हत्या के बाद दोनों भाग गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को ग्राम जवाहरनगर निवासी विधवा बिलासी बाई उरांव का शव घर में पड़े होने की सूचना मिली थी। बुधवार की सुबह पुलिस घर पहुंची और शव बरामद किया। शव सड़ चुका था और चारों ओर बदबू आ रही थी। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया और आरोपियों की तलाश शुरू की। एसपी के निदेर्श पर पुलिस एक टीम गांव में ही डटी रही।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतका के घर पर आखिरी बार करीब चार दिन पहले गांव के ही द्वारिका प्रसाद उर्फ शिशु उरांव (19) और मंगलसाय उरांव (33) को देखा गया था। इसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। दोनों झारखंड अपने रिश्तेदार के घर जाने की तैयारी में थे। पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों ने सारी सच्चाई उगल दी। दोनों युवकों ने बताया कि उन्होंने शराब के नशे में महिला की हत्या कर दी।




### एक जुलाई की है घटना

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि एक जुलाई को दोनों महिला के घर पर गए थे। तीनों ने एक साथ बैठकर शराब पी। नशा होने के बाद दोनों ने बारी बारी महिला से संबंध बनाए। संबंध बनाने के बाद फिर से तीनों ने शराब पी। इसके बाद दोनों फिर से महिला से संबंध बनाना चाह रहे थे। इसके लिए महिला ने फटकार लगाई और शोर मचाने की धमकी दी। महिला की धमकी से दोनों डर गए और कुल्हाडी से उसके सिर पर वार कर लिया। महिला की मौत होने के बाद उसका शव छोड़कर भाग गए। इसके बाद दोनों महिला के घर की निगरानी भी करते रहे। इस बीच पुलिस जांच शुरू हुई तो वे झारखंड अपने रिश्तेदार के यहां भागने के फिराक में थे। इससे पहले ही पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# बलरामपुर में 15 किलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**राजपुर ( ए )।** बलरामपुर जिले की पस्ता पुलिस ने 15 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। दूसरा तस्कर अंधेरे फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस तस्कर की तलाश में जुटी है। थाना प्रभारी राजकुमार कश्यप को मुखबिर ने मोबाइल फोन से सूचना दी कि कार क्रमांक जेएच 01 डीआर 3063 में दो युवक गांजा लेकर राजपुर की ओर से बलरामपुर-झारखंड की ओर जा रहे हैं।

थाना प्रभारी ने रात करीब साढ़े 10 बजे पुलिसकर्मियों के साथ बासेन नागदेव शिव मंदिर के पास पहुंचकर सामने से आ रही कार को रुकवाया। कार रुकवाने के बाद एक तस्कर ग्राम सलका थाना रंका निवासी मनोज साव पिता गोपाल साव अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। दूसरा तस्कर रंका निवासी 23 वर्षीय राहुल सिंह पिता ललन किशोर के कब्जे से पुलिस ने कार की डिक्की से 15 किलो गांजा जब्त किया। जब्त गांजा की अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए आंकी गई है।





**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ यांत्रिकी खंड, राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग (छ.ग.)**
दूरभाष क्र. 0778-2323633, E-mail:eedurg-phe-cg@nic.in

//ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)//
स्वयं के जोखिम एवं व्यय पर

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत **"डी" एवं उच्च** श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र "ए" में प्रतिशत दर पर ए.डी.बी. परियोजना अंतर्गत ग्राम ठेलकाडीह-दुर्ग मार्ग में आने वाले दुर्ग जिले के ग्राम नगपुरा के पाईप लाईन को विस्थापित कर नवीन 90 मि.मी. व्यास के पी.व्ही.सी. 10 कि.ग्रा./सेमी² पाईप एवं 80 मि.मी. व्यास के जी.आई. पाईप स्पेशल्स सहित प्रदाय कर जोड़ने, बिछाने, इंटरकनेक्शन, टेस्टिंग ट्रायल रन सहित 03 माह तक संचालन संधारण कार्य हेतु ऑनलाईन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.सू.क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | विकासखंड | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत | बिड सबमिशन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12/03.07.2023 | 140404 | दुर्ग | नगपुरा | रू. 35.73 लाख | दिनांक 08.08.2023 को 17.30 बजे तक |

नोट :-उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 10.07.2023 से देखे जा सकते है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
दुर्ग ( छ.ग. )

जी-03010/5


## राजधानी में लुटेरा गिरफ्तार: ऑटो चालक से की थी लूट, पुलिस ने कान पकड़वाकर मंगवाई माफी

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर में चाकू की नोक पर लूट करने के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लूट की ये वारदात रेलवे स्टेशन के पास नाश्ता करने जा रहे एक ऑटो चालक से की गई थी। पीड़ित ने गंज थाने में मामला दर्ज कराया था।

जानकारी के मुताबिक, पीड़ित सोहन साहू ने पुलिस को बताया कि वह महासमुंद जिले के पटेवा गांव का रहने वाला है और ऑटो चलाता है। वो 2 जुलाई 2023 को सोलर पैनल का सामान छोड़ने तेलघानी नाका के पास एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में आया हुआ था। ऑटो से माल उतारने के बाद वो पैदल ही रेलवे स्टेशन की तरफ नाश्ता करने निकला था, तभी रात 9 बजे के करीब एक व्यक्ति उसके पास आया और मोबाइल छीनने लगा। जब ऑटो चालक ने उसे मोबाइल देने से मना किया, तो वह गालीगलौज और मारपीट पर उतर आया। इसके बाद आरोपी ने अपने जेब में रखे चाकू को निकालकर सोहन के गले में अड़ा दिया और उसके पास से फोन लूटकर फरार हो गया। पीड़ित ने गंज थाने में केस दर्ज कराया। इसके बाद गंज थाना पुलिस लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी।

पुलिस ने आरोपी डायमंड उर्फ दिनेश सोना को 5 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का कान पकड़वाकर उससे लोगों से माफी मंगवाई। आरोपी का जुलूस भी निकाला गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी खुद को डॉन बताकर स्थानीय लोगों को डराता-धमकाता था।

पुलिस ने कहा कि लूट की सूचना मिलते ही उन्होंने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की, तो पता चला कि मोबाइल लूटने वाला आरोपी डायमंड उर्फ दिनेश सोना है। यह पहले भी लूट और मारपीट जैसे अपराधों में जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

पुलिस ने आरोपी के पास से 35000 रुपए का लूटा हुआ मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है। आरोपी डायमंड गंज और फाफाडीह क्षेत्र का पुराना बदमाश है। पुलिस ने बुधवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### जिले में अब तक 154.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग।** जिले में 1 जून से 5 जुलाई तक 154.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 249.6 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 48.0 मिमी. बोरी तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 195.6 मिमी, तहसील धमधा में 90.9 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 165.0 मिमी और तहसील अहिवारा में 175.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 5 जुलाई को तहसील दुर्ग में 11.8 मिमी, तहसील धमधा में 21.2 मिमी, तहसील पाटन में 15.0 मिमी, तहसील बोरी में 2.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 10.0 मिमी और तहसील अहिवारा में 22.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** खरीफवर्ष 2023 हेतु जिला स्तर पर पर्याप्त मात्रा में मानक स्तर के फसल क्षेत्राच्छादन, बीज, उर्वरक, कल्चर, कीटनाशक एवं विभिन्न कृषि आदान सामग्रियों की मांग, भण्डारण एवं वितरण के साथ-साथ गुण नियंत्रण व निरीक्षण तथा कीट व्याधि नियंत्रण के संबंध में सतत निगरानी हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। उप संचालक, कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार नियंत्रण कक्ष के लिए सहायक संचालक, कृषि श्री विकास साहू, 9691324528 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार सहायक सांख्यिकीय अधिकारी श्रीमति सत्यवती 9691770113, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, सौरभ कुमार वर्मा 7978881419, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अनिल चन्द्राकर 8817592112 व श्रीमति संपदा लहरे 9826129827, भृत्य डेमेन्द्र ध्रुव 7974446835 एवं वाहन चालक यदुसुदन ठाकरे 9993491276 को सहायक नियुक्त किया गया है। संबंधित अधिकारी संचालनालय कृषि, छ.ग. रायपुर से प्राप्त लक्ष्य एवं निर्देशानुसार अधिनस्थ कार्यालयों से जानकारी व प्रगति संकलित कर समयावधि में वरिष्ठालय को प्रेषित कर नियमानुसार नियंत्रण कक्ष का संचालन करेंगे।

### शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार स्थापित करने ऋण स्वीकृति के लिए 21 तक आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित दुर्ग द्वारा अनुसूचित जाति समुदाय के शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने 8 प्रतिशत ब्याज दर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। श्री श्यामल दास, प्रभारी कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि शासन की ट्रेक्टर ट्रॉली योजना, पैसेंजर व्हीलर योजना एवं गुड्स कैरियर योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति दी जाएगी। इसके लिए आवेदक जिले का मूल निवासी हो, संबंधित जाति वर्ग का हो, राष्ट्रीय निगम की योजना में आवेदक की वार्षिक आय शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में 3 लाख तक हो, उम्र 18 से 50 वर्ष हो, वाहन प्राप्त करने वाले आवेदक के पास वैध कॉर्मशियल ड्रायविंग लायसेंस हो एवं ट्रेक्टर लेने वाले आवेदकों के पास स्वयं के नाम से 5 एकड़ कृषि भूमि होना अनिवार्य होगा। आवेदक नियमानुसार योजना लागत की 5 प्रतिशत मार्जिन मनी जमा करने हेतु सहमत हो। इसके अलावा आवेदक को आधार कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, बैंक पास बुक, पेनकार्ड की छायाप्रति व उम्र निर्धारण हेतु 5वीं, 8वीं की अंकसूची जमा करना होगा। साथ ही ऋण की गारंटी हेतु जमानतदार, 60 नग पोस्ट डेटेड चैक एवं किसी बैंक में कोई कर्ज न हो का 10 रूपए के स्टाम्प पेपर में नोड्यूज प्रस्तुत करना होगा। स्वरोजगार स्थापित करने वाले पात्र व्यक्ति 21 जुलाई 2023 तक आवेदन जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु आवेदक जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मार्यादित कलेक्ट्रेट परिसर, दुर्ग में संपर्क कर सकते हैं। कार्यालय का दूरभाष क्रमांक 0788-2323450 है।

---

#### विधायक देवेन्द्र यादव की पहल पर शासन से मिली स्वीकृति

# शहर के 7 वार्डों में 40 लाख की लागत से लगेंगे वाटर एटीएम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। शहर के 9 अलग अलग वार्डों में 40 लाख रुपए की लागत से वाटर एटीएम लगाए जाएंगे। विधायक देवेन्द्र यादव की पहल पर सरकार ने इसकी स्वीकृति दे दी है। इसके अलावा और भी विकास कार्यों की मंजूरी मिली है। विधायक देवेन्द्र यादव के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान कई वार्डों से वाटर एटीएम लगाए जाने की डिमांड आई थी।**



इसे देखते हुए विधायक ने इसकी पहल की और शासन से स्वीकृति के बाद इस पर जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। वाटर एटीएम शहर के प्रमुख बाजारों में खरीदी करने के लिए आने - जाने वाले लोगों की सुविधा के लिए लगाए जाएंगे। इसके अलावा जहां पानी की समस्या दिख रही है वहां बोर खनन कार्य को भी स्वीकृति मिली है।

4 लाख की लागत से वार्ड 39 सोनिया गांधी नगर स्थित राम्हेपुर बस्ती में वाटर एटीएम लगाया जाएगा। 2 लाख की लागत से वार्ड 50 में एमपीआर रोड में 1 नग बोर खनन कर सह पाइप लाइन विस्तारीकरण किया जाएगा। 1 लाख की लागत से वार्ड 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर में 1 नग बोर खनन किया जाएगा। 4 लाख की लागत से वार्ड 61 में सेक्टर 6 पूर्व में वाटर एटीएम की स्थापना की जाएगी। 1 लाख की लागत से वार्ड 61 सेक्टर 6 में रूई मार्केट में 1 नग बोर खनन किया जाएगा।

4 लाख की लागत से वा 62 सेक्टर 6 में णएक वाटर एटीएम की स्थापना की जाएगी। 2 लाख की लागत से वार्ड 62 में पिपलेश्वर मंदिर के समीप बोर खनन किया जाएगा। 4 लाख की लागत से वार्ड 65 सेक्टर 10 सड़क 28 में वाटर एटीएम लगाए जाएंगे। 2 लाख की लागत से वार्ड 65 जोनल मार्केट के समीप बोर खनन कर पाइप लाइन विस्तारीकरण किया जाएगा। 1 लाख की लागत से वार्ड 68 में सेक्टर 8 में वीर हनुमान मंदिर के समीप 1 बोर खनन किया जाएगा।

#### 15 लाख की लागत से यह होंगे विकास काम

भिलाई नगर विधायक की पहल से 15 लाख की लागत से विकास कार्य होने वाला है। इसके लिए शासन ने स्वीकृति दे दी है और जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। इसमें वार्ड 55 सेक्टर 2 में सड़क 11 में बोर खनन किया जाना है। 4 लाख की लागत से सेक्टर 2 सड़क 5 बी मार्केट में वाटर एटीएम लगाया जाएगा। इसी प्रकार 1 लाख से बोर खानन कर 4 लाख की लागत से वार्ड 61 सेक्टर 6 सी मार्केट में वाटर एटीएम लगाया जाएगा। 4 लाख की लागत से वार्ड 65 सड़क 32 में वाटर एटीएम और रेलवे बस्ती में बोर खनन किया जाएगा।

---

## भाजपा की संगठनात्मक गतिविधियों में आईटी सेल की भूमिका महत्वपूर्ण - बघेल




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी आईटी सेल की संभागीय स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में लोकसभा सांसद विजय बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, आईटी सेल प्रदेश संयोजक सुनील पिल्लई, दुर्ग संभाग प्रभारी राकेश साहू, दुर्ग जिला प्रभारी प्रमोद सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरीश कटझरे, बस्तर संभाग प्रभारी शैलेश दीक्षित, दुर्ग जिला संयोजक जितेंद्र सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं के द्वारा आईटी सेल की भूमिका और आईटी सेल के द्वारा आगामी दिनों होने वाले चुनाव को लेकर कमर कस लेने का आह्वान किया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार स्थापित होने से पहले आईटी सेल की भूमिका हर कोई नहीं समझता था पर इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के बदलते स्वरूप के साथ भारतीय जनता पार्टी जन जन के बीच पहुंच चुकी है। आईटी सेल के कार्य और उसकी भूमिका को लेकर सभी पदाधिकारी सजग और तत्पर है, आईटी सेल के समस्त योद्धाओं से आव्हान है कि आगामी दिनों होने वाले चुनाव को लेकर आप सभी तैयार हो जाएं।

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि आईटी सेल भाजपा की प्रमुख इकाइयों में से एक है और इसके कार्य लगातार क्रियान्वित रहते हैं। कोराना काल के समय आईटी सेल ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लॉकडाउन के दौर में भारतीय जनता पार्टी ने आईटी सेल के माध्यम से जन-जन तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी।

---

## बीएसपी ने ग्राम पउवारा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा दिनांक 07 जुलाई, 2023 को ग्राम पउवारा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 37 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया, जिसमें 12 पुरूष, 19 महिलाएं तथा 06 बच्चे शामिल थे। ग्राम पउवारा में आयोजित चिकित्सा शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम की से चिकित्सक डॉ ईशा कुजूर, बीपी व शुगर परीक्षण हेतु श्रीमती रेखा देव, फार्मासिस्ट खिलावन कुंभकार, पंजीकरण हेतु शंभु तथा विभाग की ओर से सीएसआर सहायक श्री सोनी उपस्थित थे। प्रातः 10.00 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। इस षिविर में सामान्य जांच के साथ मुफ्त दवा का वितरण भी किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःषुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देष्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

---

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूरी, तभी सुरक्षित रहेगी भावी पीढ़ी, जीवन में हर व्यक्ति एक पौधा जरूर लगाएंः विधायक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने पयार्वरण प्रभारी सत्यवती वर्मा, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आरएन वर्मा, पार्षद मीना सिंह, बिजेंद्र भारद्वाज, जितेंद्र समैया और उद्यान प्रभारी अनिल सिंह के साथ साइंस कॉलेज के पीछे स्टेशन रोड पर 163 वृक्षारोपण कर शहर को हरा-भरा करने वृक्षारोपण किया गया।**



पर्यावरण प्रकृति से प्राप्त एक अनमोल धरोहर है। हमारा कर्तव्य है कि हम अपने शहर के पेड़-पौधों को सुरक्षित कर शहर को हरा-भरा बनायें । विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल ने वृक्षारोपण कर छाया के साथ फलदार पौधे लगाये गये।विधायक, महापौर ने बताया की हमने शहर वासियों को जनजागरुकता के तहत् सर्किट हाउस से साइंस कॉलेज के पीछे स्टेशन तक सड़क किनारे में करीब 163 पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के तहत लगाये गये पौधे छायादार और फलदार पौधा है।

जिसमें गुलमोहर और कोनोकार्पस शामिल है।उन्होंने शहर वासियों से अपील कर कहा कि शहर को हरा-भरा करने वे भी अपने घर के आस-पास एक पौधा अवश्य लगाये! पौधाआक्सीजन की कमी को दूर करेगा ।वृक्षारोपण के अवसर पर विधायक अरुण वोरा ने कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है तभी भावी पीढ़ी सुरक्षित रहेगी ।जीवन मे हर व्यक्ति एक पौधा जरूर लगाएं।महापौर धीरज बाकलीवाल बोले सुरक्षित जीवन के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र विकल्प है।

---

## लापरवाही किये जाने पर आर्किटेक्ट व पीएमसी के इंजीनियर्स पर होगी कार्रवाईःआयुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। डाटा सेंटर नगर निगम में आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने समीक्षा बैठक लेकर कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को निर्धारित समय पर मिल सके, इसके लिए सभी एलर्ट मोड पर कार्य करें। कार्य के दौरान किसी भी तरह की समस्या आने पर तत्काल उसका निराकरण कराएं। कार्य में लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी।**



इस दौरान नोडल अधिकारी सह कार्यपालन अभियंता दिनेश कुमार नेताम, सहायक नोडल अधिकारी (AHP) जितेंद्र समैया, उपअभियंता भारती ठाकुर, स्वेता महलवार, पंकज साहू, विकास दमाहे, सूडा द्वारा पदस्श विशेषज्ञ आशुतोष ताम्रकार, दीपक संचेती, प्रीतेश वर्मा के अलावा निर्माण एजेंसी के कॉन्ट्रैक्टर तथा पीएमसी के इंजीनियर्स मौजूद रहे।प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि हितग्राहियो के खाते में राशि और पात्र हितग्राहियों को एएचपी भवनों का आबंटन करने में तेजी लाएं। व्यापक प्रचार प्रसार भी करें। एएचपी घटक निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासो की जानकारी प्राप्त करने के पश्चात आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निर्देश दिये कि बीएलसी घटक के तहत निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासो का निर्माण कार्य को मासिक लक्ष्य के अनुसार माह के अंत पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाये। हितग्राहियो को बैठकर समझाए और यदि हितग्राही प्रथम तल का निर्माण नही करना चाहते हैं तो उनसे शपथ पत्र लेकर भूतल में ही आवास पूर्ण करे परंतु हितग्राही को होने वाले नुकसान की जानकारी स्पष्ट रूप से देवें और उनके मकान के सामने फोटो भी लेवें। उन्होंने कहा प्रगतिरत रूफलेवल के आवास शतप्रतिशत जुलाई के अंत तक पूर्ण हो जाएं। सब इंजीनियर और विशेषज्ञ और अधिकारी फील्ड पर रहकर कार्य करेंगे।बैठक में उन्होंने कहा कि 20 दिन बाद पुनः समीक्षा करेंगे पोग्रेस अच्छा नही मिलने पर सभी को नोटिस जारी की जावेगी।

---

# शहर में हरियाली लाने किया जाएगा वृक्षारोपण, चलेगा वृहद अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर वृक्षारोपण की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। भिलाई शहर में हरियाली लाने के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा जिसकी शुरुआत 9 जुलाई से होगी, इस दिन अभियान चलाकर पौधे लगाए जाएंगे।**




वृक्षारोपण के लिए स्थल का चयन करते हुए सभी जोन क्षेत्रों में गड्ढे करना प्रारंभ कर दिया गया है। इस वर्ष 10000 से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। आंगनबाड़ी केंद्रों, अस्पताल परिसर, थाना परिसर, कॉलोनियों में, स्कूल परिसर में, तालाबों में, सड़क किनारे, उद्यानों में एवं रिक्त स्थानों आदि का चयन पौधारोपण के लिए किया गया है। नेशनल हाईवे के किनारे तथा सड़क किनारे एक थीम में प्लांटेशन लगाने की तैयारी की जा रही है। नगर पालिक निगम भिलाई की अपील है कि 9 जुलाई को रिक्त स्थानों पर पौधारोपण कर शहर में हरियाली लाने का प्रयास करें। पौधारोपण के साथ ही इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी एवं संरक्षण की जिम्मेदारी भी आवश्यक है। इसके अलावा बैठक में आयुक्त ने वेंडिंग जोन की प्रगति, स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों, सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय की जानकारी, चौक चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण, मुख्यमंत्री मितान योजना, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, श्री धनवंत्री मेडिकल योजना, गोधन न्याय योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, बेरोजगारी भत्ता, सड़कों के मरम्मत की जानकारी, मुख्यमंत्री घोषणा के कार्यों की जानकारी, अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण आदि के संबंध में अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की।

आज की बैठक में जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, येशा लहरे, अमिताभ शर्मा, पूजा पिल्ले एवं खिरोद्र भोई, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख, नोडल अधिकारी प्रीति सिंह एवं कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं उप अभियंता तथा विभाग प्रमुख आदि मौजूद रहे।

---

## कलेक्टर ने प्लास्टिक जार की पहली खेप को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का निरीक्षण किया और वहां आजीविका गतिविधियों में संलग्न महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने सभी जगहों पर जाकर क्रियान्वयन एवं निर्माणाधीन कार्यो का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने वहां बन रहे ब्रेड की गुणवत्ता का परीक्षण किया। साथ ही साफसफाई करने के निर्देश दिए।**



ढाबा रीपा का निरीक्षण- कलेक्टर ने महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) के तहत ढाबा में संचालित गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां बन रहे टी शर्ट का अवलोकन किया और वहां कार्यरत महिलाओं से बातचीत की। कलेक्टर ने महिलाओं से कार्य में आ रही परेशानियों एवं उनके कार्य के बारे में जानकारी ली। ढाबा में कार्यरत महिलाओं ने बताया कि ढाबा में 70 लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। टी शर्ट बनाने के लिए उन्हें एक महीने की ट्रेनिंग दी गई है। ढाबा में कपड़े की कटाई के लिए 10 लोग और सिलाई कार्य के लिए 70 लोगों को रखा गया है। ढाबा में गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग के लिए लगे 56 मशीनों का निरीक्षण किया। कार्य की मॉनिटरिंग करने के लिए एक सुपरवाईजर नियुक्त करने को कहा। साथ ही उत्पादित टी शर्ट को अधिक से अधिक विक्रय करने को कहा।

कलेक्टर ने गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग के लिए अधिक से अधिक रॉ मटेरियल उपलब्ध कराने की बात कही।

उन्होंने एरिया के हिसाब से 6 बड़े कूलर लगाने, साफसफाई कराने एवं समय पर वेतन दिए जाने की बात कही। कलेक्टर ने शौचालय निर्माण की धीमी गति पर बिल्डर पर नारजगी जताई और उसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रीपा केन्द्र के रिक्त जगहों पर 200 छोटे एवं बड़े पौधे लगाने को कहा, ताकि रीपा केन्द्र के चारों तरफ हरियाली हो सके। भविष्य में रीपा केन्द्र में रिव नैक टी शर्ट, पोलो टी शर्ट, स्पोर्ट्स और नॉर्मल बनियान का उत्पादन किया जाएगा।

भेड़सर गौठान का निरीक्षण- कलेक्टर ने भेड़सर गौठान का निरीक्षण किया। वहां उत्पादित होने वाले वर्मी कम्पोस्ट की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर वहां कार्यरत महिला सदस्यों से चर्चा की ।गौठान समिति के सदस्य ने बताया कि गौठान में 20 टंकी है, जिसमें से 80 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट उत्पादित किया जाता है।

कलेक्टर ने अधिक से अधिक वर्मी कम्पोस्ट उत्पादित करने के लिए वहां उपस्थित सरपंच को कहा कि कोई भी एक जगह चिन्हित कर ले और सभी 20 वार्ड के लोग उस जगह पर गोबर लाकर डाले, जिससे 15 दिन गोबर बाहर रखने पर उसका मिथेन निकल जाएगा और फिर उसे वर्मी कम्पोस्ट बनाया जा सकता है।

कलेक्टर ने भेड़सर गौठान को सुंदर बनाने के लिए वर्मी कम्पोस्ट के साथ-साथ बाड़ी में फसल तैयार करने को कहा। उन्होंने मक्का, दलहन, तिलहन एवं फलदार वृक्ष लगाने की बात कही। कलेक्टर ने मक्का के कार्य को शीघ्र चालू करने के निर्देश दिए।

---

## दाई दीदी क्लिनिक आएगी आपके द्वार का विधायक ने महापौर, आयुक्त व सभापति के साथ किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम महिलाओं के लिए क्लीनिक दाई-दीदी क्लीनिक का शुभारंभ आज विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, सभापति राजेश यादव के मौजूदगी में वार्ड 6 मरार पारा शीतला तालाब के निकट किया।



अरुण वोरा ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 1 जुलाई को वर्चुवल कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत प्रदेश के 46 निकायों में विस्तार हेतु 30 नई मोबइल मेडिकल यूनिट का महिलाओं के लिए दाई-दीदी क्लीनिक का शुभारंभ किया था।इस कड़ी में आज शुभारंभ के दौरान विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल और आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने मोबाइल क्लीनिक के भीतर जाकर उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन भी किया और अपने ब्लड प्रेशर की जांच भी करायी। दाई-दीदी स्पेशल क्लीनिक छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं के लिए क्लीनिक दाई-दीदी क्लीनिक का शुभारंभ किया है। दाई-दीदी स्पेशल क्लीनिक में डॉक्टर सहित सभी चिकित्सकीय स्टाफ महिलाएं होंगी और केवल महिलाओं का ही निःशुल्क इलाज किया जाएगा। इस मौके पर महापौर ने कहा कि दाई-दीदी क्लीनिक देश में अपनी तरह का पहला क्लीनिक है, जो केवल महिलाओं का इलाज करेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950